




दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 171 | ग्वालियर रविवार, 09 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### पहले भारतीय गवर्नर जनरल राजगोपालाचारी के परपोते ने थामा बीजेपी का दामन



**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस नेता और भारत के पहले गवर्नर जनरल सी.राजगोपालाचारी के परपोते सी आर केशवन शनिवार (8 अप्रैल) को बीजेपी में शामिल हो गए. केशवन ने केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, बीजेपी नेता अनिल बलूनी और प्रेम शुक्ला की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. बीजेपी में शामिल होने पर सीआर केशवन ने कहा, उसी दिशा में काम करूंगा कि भारत 2047 तक विश्वगुरू बन जाए. मेरा वही योगदान रहेगा जो रामसेतु बनने में गिलहरी ने दिया था. केशवन ने कहा, जब हमारे पीएम तमिलनाडु में हैं, उस दिन दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी-बीजेपी में शामिल करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं. मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा जी ने प्रोत्साहित किया. पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की जन-केंद्रित नीतियां, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और सुधार-आधारित समावेशी विकास एजेंडा ने भारत को एक नाजुक अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बदल दिया है. पिछले 9 साल में कैसे भारत के बाहर रहने वाले लोगों ने देखा भारत में किस तरह विकास की राजनीति हो रही है. मैं अपने घर में ऐसे लोगों को जानता हूं जिन्हें पीएम आवास योजना से पक्का घर मिला है. 3 करोड़ घर बन चुके हैं. अमित शाह जी ने एक बार कहा था कि डीबीटी पहले डीलर ब्रोकर ट्रांसफर था, लेकिन अब यह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर हो गया है. सीआर केशवन हाल ही में बीजेपी से जुड़ने वाले दूसरे ऐसे नेता हैं जिनके परिवार का कांग्रेस में बड़ा कद रहा है. इसके पहले 6 अप्रैल को पूर्व केंद्रीय मंत्री और केरल के दिग्गज कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो गए थे. एंटनी ने जनवरी में बीबीसी की पीएम मोदी पर डॉक्यूमेंट्री पर पार्टी लाइन से अलग राय रखने के चलते विरोध का सामना करना पड़ा था. इसके बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था. उसके बाद से ही उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अनुमान लगाया जा रहा था.

### न्यायिक अधिकारियों के वेतन में बढ़ोतरी!



**नई दिल्ली।** न्यायिक अधिकारियों के वेतन में बढ़ोतरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने 27 जुलाई 2022 के फैसले को जारी रखा है. कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कमीशन आयोग की सिफारिश के खिलाफ डाली गई याचिका को खारिज कर दिया है. साथ ही तीन किस्त में एरियर भी देने का आदेश दिया है. दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की ओर से सिफारिश की गई थी कि न्यायिक अधिकारियों को वेतन ब?ना चाहिए और जल्द लागू करना चाहिए. अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 27 जुलाई 2022 को कहा था कि न्यायिक अधिकारी किसी सरकार द्वारा गठित आयोग के तहत नहीं आते हैं, जिस कारण इनके वेतनमान में इजाफा होना चाहिए. शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद केंद्र और कुछ राज्यों की ओर से समीक्षा याचिका दायर की गई थी, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है और अपने 27 जुलाई 2022 के आदेश को बरकरार रखा है. सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने कहा कि रिकॉर्ड के सामने कोई त्रुटि स्पष्ट नहीं है. ऐसे में आयोग की सिफारिश के तहत न्यायिक अधिकारियों का वेतन बढ़ना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को बकाया का भुगतान तीन किस्त में करना होगा. पहले किस्त में 23 फीसदी, फिर तीन महीने बाद 23 फीसदी और जून 2023 तक पूरा बकाया देना होगा. गौरतलब है कि पूरे देश में अधीनस्थ न्यायपालिका से संबंधित न्यायिक अधिकारियों के वेतनमान और अन्य शर्तों की समीक्षा के लिए 2017 में सर्वोच्च दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग का गठन किया गया था. जिसके लिए जस्टिस जे चेलमेश्वर और अब्दुल नजीर की एक बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पीवी रेड्डी को कमीशन चेयरमैन और केरल हाई कोर्ट के पूर्व जज और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील आर. बसंत को सदस्य बनाया था.

### दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री को याद आया 27 साल पुराना भारत दौरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन भारत के दौरे पर हैं. शनिवार (8 अप्रैल) को जिन ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए महात्मा गांधी के प्रयासों की तारीफ की. पार्क जिन ने कहा, मैं आज राजघाट पहुंचा, मैं इससे पहले 27 वर्ष पहले भारत आया था और वह मेरा भारत का पहला दौरा था. मैं हमेशा महात्मा गांधी के सत्याग्रह के पवित्र उद्देश्यों की सराहना करता हूं. गांधी जी के कई दर्शनशास्त्र हैं जो सीख देते हैं. सत्याग्रह, लोगों को जागरुक करना सहित लोकतंत्र की मज़बूती के लिए उनके द्वारा किए गए काम सराहनीय हैं. पार्क जिन शुक्रवार (7 अप्रैल) को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे. भारत-दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने पर हो रहे इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है. इस साल भारत जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहा है, जिसका दक्षिण कोरिया भी सदस्य है.

# अतीक के बाद अब उसके बेटे उमर पर क्यों लटकी उम्रकैद की तलवार?

**नई दिल्ली।** 7 अप्रैल को लखनऊ के एक व्यापारी के अपहरण मामले में माफिया अतीक अहमद और उसके बेटे उमर के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं. आरोप तय होने के बाद अतीक के बेटे उमर पर भी उम्रकैद की तलवार लटकने लगी है. उमर अभी लखनऊ जेल में बंद है. उमर पर चार साल पहले मोहित जायसवाल नाम के व्यापारी का अपहरण कर उसकी पिटाई करने का मामला चल रहा है. इस मामले में सीबीआई कोर्ट में अतीक और उमर पर आरोप तय हो गए. सुनवाई के बाद सजा तय की जाएगी. 28 मार्च को अतीक को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल के अपहरण मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई जा चुकी है. अतीक के परिवार के लोगों पर उमेश की हत्या का भी केस चल रहा है. सीबीआई कोर्ट में अहमद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई है. उसके बेटे उमर को व्यक्तिगत रूप से पेश किया गया. अदालत जाते समय उमर ने मीडिया को बताया कि परिवार की महिला सदस्यों को भी मामले में घसीटा जा रहा है. मामला 2018 में



व्यापारी के अपहरण और पिटाई का है. अतीक और उमर के खिलाफ दर्ज 164ए के मामले में रंगदारी वसूलने के लिए अपहरण करने का आरोप है. इस धारा में दोषी पाए जाने पर अधिकतम उम्रकैद या फांसी की सजा का प्रावधान है. उमर पर मोहित जायसवाल को अगवा कर देवरिया जेल में ले जाने का आरोप है. अतीक उस दौरान देवरिया जेल में ही बंद था. जेल में अतीक ने मोहित जायसवाल की पिटाई की और उससे फिरौती की मांग की. ये भी आरोप है कि उसने पीड़ित व्यापारी की कम्पनी को अपने सहयोगी के नाम ट्रांसफर करवा दिया था. 29 दिसंबर 2018 को लखनऊ में मोहित जायसवाल नाम के एक व्यापारी का अपहरण हो गया था. अतीक के बेटे उमर ने मोहित का अपहरण करवाया था. अपहरण के बाद मोहित को देवरिया जेल ले जाया गया. इसमें अतीक के बड़े बेटे उमर के साथ गुफरान, फारुख, गुलाम और इरफान भी शामिल थे. जोर-जबर्दस्ती के बाद मोहित नहीं माना. मोहित का ये कहना था कि मैंने ये प्रॉपर्टी अपनी मेहनत से बनाई है आपको क्यों दे दूं तो उसे मौत का खौफ दिखाया गया. उसकी कनपटी में गन रखी गई. मोहित को बंदूक की बट और लोहे की रॉड से बेतहाशा पीटा गया. इतना सबकुछ होने के बाद मोहित बेसुध हो गया और स्टाम्प पेपर पर जबरदस्ती उनके दस्तखत करवा लिए गए. करीब 45 करोड़ की सम्पति भी अपने नाम करा ली गई. अतीक के गुर्गों ने उनकी स्पाड़ी भी लूट ली. अतीक और उसके गैंग के चंगुल से छूटने के बाद मोहित ने लखनऊ में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी. इस घटना के बाद माफिया अतीक अहमद को देवरिया जेल से अहमदाबाद की साबरमती जेल भेज दिया गया.

## पाकिस्तान से मुंबई में आए तीन आतंकी

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस कंट्रोल को एक अज्ञात शख्स ने कॉल कर इस बात का दावा किया कि दुबई से शुक्रवार (7 अप्रैल) को तीन आतंकी मुंबई आए थे. इन आतंकियों का कनेक्शन पाकिस्तान से है. इतना ही नहीं कॉलर ने पुलिस को एक का नाम मुजीब सैय्यद बताया और उसका मोबाईल नंबर और गाड़ी का नंबर भी पुलिस को दिया. सूत्रों ने बताया कि कॉलर का नाम राजा ठोंगे है जिसने कंट्रोल रूम को कॉल किया था. पुलिस इस कॉल के बाद अलर्ट मोड पर आ गई है. मुंबई पुलिस कंट्रोल को इससे पहले पिछले महीने ही 1 मार्च देर रात 11 बजे एक अज्ञात शख्स ने कॉल कर मुंबई के कुर्ला (पश्चिम) में धमाका होने की बात कही थी. फोन करने वाले शख्स ने कहा था कि अगले 10 मिनट में कुर्ला में धमाका होगा और ऐसा कहकर उसने फोन कट कर दिया था. फोन कॉल को तुरंत बाद ही पुलिस ने समय जाया न करते हुए जांच के लिए टीम लगा दी थी. हालांकि, घंटों की जांच के बाद पुलिस को वहां से किसी भी तरह की संदेहास्पद चीज नहीं मिली. मुंबई पुलिस को भले ही इस तरह के कॉल पहले भी आ चुके हों, लेकिन पुलिस एक भी कॉल पर लापरवाही नहीं बरत सकती है. इसलिए इस बार



भी पुलिस अधिकारियों से सभी को अलर्ट पर रहने के लिए कहा है और इलाके में छानबीन के भी निर्देश दिए गए हैं. अगर इस सूचना को गलत पाया गया या किसी तरह का मजाक होगा तो कॉल करने वाले के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा. इससे पहले नागपुर के दो अस्पतालों इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और मनकापुर के मेंटल हॉस्पिटल को भी पिछले महीने बम से उड़ाने की धमकी मिली थी.

## टिकट बंटवारे को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में छिड़ी नोकझोंक

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में चुनावी लड़ाई के दौरान बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने शुक्रवार को एक-दूसरे पर कटाक्ष किया. मतदान के लिए लगभग एक महीना शेष होने के कारण दक्षिणी राज्य में चुनाव प्रचार तेज हो गया है. जहां कांग्रेस ने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा में देरी को लेकर बीजेपी पर ताना मारा तो वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने यह कहते हुए पलटवार किया कि राज्य में विपक्षी दल के पास कई सीटों पर उम्मीदवार नहीं थे जो उन्हें अन्य पार्टियों से मिले. इसके अलावा, दोनों पार्टियों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को पिछड़े वर्गों की सूची से हटाने और उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत कोटा के तहत रखने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर भी विवाद किया. बसवराज बोम्मई ने कहा कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों का फैसला करेगा और राज्य इकाई नामों के एक पैनल की सिफारिश करेगी. 8-9 अप्रैल को हमारी बैठक होगी और जाहिर तौर पर 10 अप्रैल को टिकट बांटे जाएंगे. टिकट चयन की प्रक्रिया नियमानुसार चल रही है. हमने लगातार तीन दिनों तक बैठकें कीं और पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और लोगों की राय ली. अंतिम सूची पर चर्चा की जाएगी, क्योंकि हमने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए तीन नामों को मंजूरी दी है. पिछड़े वर्गों की सूची में धार्मिक अल्पसंख्यकों के आरक्षण के बीजेपी सरकार के फैसले को रद्द करने वाली कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की टिप्पणी का जवाब देते हुए बोम्मई ने कहा कि वे इसे छू नहीं सकते, हम देखते हैं कि वे क्या कर सकते हैं।

## खंडवा की अनुभूति ने अमेरिका में बढ़ाया भारत का गौरव

**नई दिल्ली।** अमेरिका के सिएटल में पिछले दिनों मिसेज इंडिया एलीट 2023 का आयोजन हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के खंडवा की बेटी अनुभूति ने भाग लेकर मिसेज इंडिया एलीट 2023 का खिताब जीता. यह खिताब पूर्व विश्व सुंदरी डायना हेडन की उपस्थिति में अनुभूति को दिया गया. अनुभूति डोंगरे खंडवा जिले के पड़ावा निवासी अरुण कुमार सुचिता साध की बेटी एवं डॉ प्रकाश डोंगरे की बहू हैं. अनुभूति अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में रहती हैं. अनुभूति की एक बेटी और एक बेटा भी है. यह इंस्टाग्राम पर इन्फ्लुएंसर भी हैं. बेटी की उपलब्धि पर मां सुचिता साध ने कहा कि अनुभूति ने सच में साबित किया कि ऊंचाइयों पर जाकर उपलब्धियां हासिल करने के लिए उम्र बाधा नहीं. हमें गर्व है कि देश-विदेश में समाज की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा कर हमें गौरवान्वित कर रही हैं. अनुभूति बेटियों के लिए एक मिसाल है. अनुभूति की मां सुचिता कहती हैं कि सोशल एक्टिविटी, सांस्कृतिक प्रयोजनों का सपना जो मैं देखती थी, उस सपने को मेरी बेटी अनुभूति ने पूरा किया.आज साध और डोंगरे परिवार को गर्व है कि अमेरिका जैसे बड़े देश में हमारी बेटी ने अपने हुनर का




परिचय देते हुए खंडवा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया. अनुभूति कि इस उपलब्धि पर पूरे परिवार मे खुशी का माहौल है. रिश्तेदार और शहरवासी इस उपलब्धि पर बधाइयां दे रहे हैं. अनुभूति के पिता अरुण कुमार ने बताया कि अमेरिका के सिएटल में मिसेज इंडिया एलीट 2023 प्रतियोगिता में भाग लेकर खंडवा की बेटी अनुभूति डोंगरे ने अपने सपनों का ताज अपने नाम कर नार्मदीय समाज का गौरव बढ़ाया है. अनुभूति डोंगरे ने इससे पहले महाकुंभ न्यूयॉर्क फैशन वीक में भी रैंप वाक किया था.

## विधायक जीतू पटवारी के तीखे तेवर

**नई दिल्ली।** बीते महीने मध्य प्रधेश विधानसभा सत्र से निलंबन के बाद भी राऊ से कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के तेवरों में कमी आती नहीं दिख रही है. चुनावी साल में विधायक जीतू पटवारी अपने तेवरों



में और तीखापन ला रहे हैं. इसकी बानगी शुक्रवार को खातेगांव में देखने को मिली. मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक जीतू पटवारी ने कहा कि हां मैं किसान की औलाद हूं, किसानों का दर्द मैं अच्छी तरह से समझता हूं. इस सरकार को किसानों की उपज के दाम तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल करने ही पड़ेंगे. किसान महंगाई तले दबता जा रहा है. विधायक जीतू पटवारी ने कहा कि किसानों को भी महंगाई से राहत चाहिए. उन्होंने कहा कि खाद के दाम बढ़ गए, बीज के दाम बढ़ गए, रासायनिक उर्वरक के दाम बढ़ गए, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए, मजदूरी के भाव बढ़ गए. विधायक पटवारी ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है, जब सरकार के आंकड़े यह कहते हैं कि एक व्यक्ति को खाने के लिए रोज 60 रुपये चाहिए, सरकार के आंकड़े यह कहते हैं कि एक मजदूर को मजदूरी के रूप में प्रतिदिन 285 रुपये से कम दे ही नहीं सकते. सरकार के ही आंकड़े यह कहते हैं कि किसान रोज 27-28 रुपये कमाता है. यह सरकारी आंकड़े ही कह रहे हैं कि किसान के साथ अन्याय हो रहा है. विधायक पटवारी ने कहा कि किसानों की फसलों के दाम सरकार को निश्चित करने पड़ेंगे. खासकर अनाज के दाम. अनाज के दाम तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल होने चाहिए. ये पार्टियों की बात नहीं, बल्कि किसान की बात है. मैं तो भारतीय जनता पार्टी के किसानों से भी अनुरोध करता हूं कि आप भले ही भारतीय जनता पार्टी को वोट दें, वो आपका मन है, लेकिन आप भी तो किसान हो. शिवराज जी किसानों को तीन हजार रुपये क्विंटल के दाम दो, अन्यथा कुर्सी छोड़ों. मैं किसान की औलाद हूं, इसलिए किसान के हित की बात करता हूं.

## असम पुलिस ने पीएफआई और सीएफआई के 3 नेताओं को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने शनिवार (8 अप्रैल) को बारपेटा जिले में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के तीन नेताओं को गिरफ्तार किया. पुलिस ने उनके कब्जे से 1.50 लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) का एक पैम्फलेट भी बरामद किया. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसबी) हिरेन नाथ ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि गिरफ्तार किए गए पीएफआई और सीएफआई नेताओं की पहचान पीएफआई के राज्य सचिव जाकिर हुसैन, अबू समा और सीएफआई के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साहिदुल इस्लाम के रूप में हुई है. पिछले महीने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम ट्रिब्यूनल (यूएपीए ट्रिब्यूनल) ने पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा था. इसकी अध्यक्षता दिल्ली हाई कोर्ट के जज दिनेश कुमार शर्मा ने की थी. बीते साल सितंबर के महीने में केंद्र ने यूएपीए की धारा 3 के तहत पीएफआई को गैरकानूनी घोषित कर दिया था. पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों पर देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आरोप लगाया था कि पीएफआई के कुछ कार्यकर्ता इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया में शामिल हो गए थे और वहां आतंकी गतिविधियों में भाग लिया था.

## हिंसा के बाद राहत, सासाराम में इंटरनेट सेवा बहाल

**नई दिल्ली।** बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के बाद 31 मार्च से ठप इंटरनेट सेवा को प्रशासन ने बहाल कर दिया है. इंटरनेट सेवा बहाल होने से सासाराम के अवाम ने राहत की सांस ली है. हालांकि, इसके साथ ही प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ गई है. लिहाजा, प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रख रहा है, ताकि किसी तरह की अवाह को हवा नहीं दी जा सके. दरअसल, इंटरनेट सेवा बंद होने की वजह से छात्रों की पढ़ाई-लिखाई, कारोबार और बैंकिंग सेवा बुरी तरह से प्रभावित हुआ था. इंटरनेट बंद होने की वजह से कारोबारियों को व्यवसाय करने में काफी दिक्कतें हो रही थी. इसके साथ ही छात्र भी परेशान थे. लिहाजा, शनिवार से इंटरनेट सेवा बहाल होने के बाद समाज के सभी वर्गों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. हालांकि इंटरनेट सेवा बहाल होने के साथ ही प्रशासन और चौकन्ना हो गया है. पुलिस-प्रशासन लगातार सोशल साइट पर नजर रख रही है.



भड़काऊ पोस्टों पर नजर रखने के लिए अधिकारी सतत निगरानी कर रहे हैं. इसके साथ ही बिहारशरीफ समेत सासाराम के सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षाबलों की गस्ती बढ़ा दी गई है. जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है. लिहाजा, शनिवार सुबह से जिले में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है. हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी किस्म की अनहोनी को टालने के लिए एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया साइट्स पर नजर रखने के लिए विशेष टीम बनाई गई है, जो लगातार पोस्ट और वीडियो पर नजर रख रही है. जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आपत्तिजनक वीडियो व धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी. उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों के साथ कोई नरमी नहीं दिखाई जाएगी. ऐसे लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा. वहीं, पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों पर एक्शन लेते हुए गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### गांव, कस्बे एवं नगरों में पहुंचकर

# प्रचार-रथ कर रहा है शासन की उपलब्धियों और योजनाओं का प्रचार प्रसार



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मध्यप्रदेश शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ द्वारा जिले के विकासखण्ड पोहरी के गांव, कस्बों एवं नगरों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रचार रथ ने अब तक विकासखण्ड शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, खनियाधाना, नरवर, करैरा एवं पिछोर क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगरों का भ्रमण कर प्रचार प्रसार कार्य किया है। गतदिवस इस प्रचार रथ ने पोहरी विकासखंड के भाव खेड़ी मचा कला बरखेड़ा देवरीखुर्द, रिजोदा, अमरोदा में भ्रमण किया। शनिवार को प्रचार रथ द्वारा पोहरी के ग्राम पिपराघाट, उपसिल, लोखरी, भावखेड़ी, अगर्रा, लक्ष्मीपुरा में प्रचार प्रसार किया गया। जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रदेश सरकार की 3 वर्ष की उपलब्धियों, लाडली बहना योजना एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए तैयार करवाए गए इस प्रचार रथ द्वारा एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 33 के.वी.डाकबंगला फीडर के 11 के.व्ही.न्यूब्लॉक फीडर, 11 के.व्ही.खुड़ा फीडर, 11के.व्ही अस्पताल फीडर, 11 के.व्ही. विवेकानंद फीडर, 11के.व्ही. कोर्ट फीडर, 11 के.व्ही. जल मंदिर फीडर, 11 के.व्ही कमलागंज फीडर 9 अप्रैल को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही.न्यूब्लॉक फीडर, 11 के.व्ही.खुड़ा फीडर, 11के.व्ही अस्पताल फीडर, 11 के.व्ही. विवेकानंद फीडर, 11के.व्ही. कोर्ट फीडर, 11 के.व्ही. जल मंदिर फीडर, 11 के.व्ही कमलागंज फीडर के बंद रहने से 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक न्यू ब्लॉक, श्रीराम कॉलोनी, रघुवंशी कोठी, पोहरी चौराहा, गायत्री कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, अमृत विहार कॉलोनी, बस स्टैंड से संबंधित क्षेत्र, सदर बाजार, टेकरी, वर्धमान शोरूम के आसपास जलमंदिर रोड इत्यादि आस पास का क्षेत्र संतोषी माता मंदिर सर्किट हाउस, शक्तिपुरम खुडा रामवाग कालोनी, संजय कालोनी, इंदरा कालोनी, फिजीकल, चीलौद, विवेकानंद कालोनी, डी.जे. साहब की कोठी सहगल टेन्ट होउस, कोर्ट के आसपास का क्षेत्र, कलेक्टर कोठी रोड़, जल मंदिर, मीट मार्केट वर्धमान शोरूम के पीछे, मामू पान वाले की गली, कमलागंज, बैंक कॉलोनी, बाबूक्वाटर, नवग्रह मंदिर के आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।



# समर्थन मूल्य पर चना, मसूर, सरसों उपार्जन हेतु खरीदी केन्द्र निर्धारित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने जिला उपार्जन समिति के प्रस्ताव के आधार पर रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु जिले में 8 खरीदी केन्द्र निर्धारित किए है। निर्धारित खरीदी केन्द्रों में तहसील शिवपुरी में सेवा सहकारी संस्था कोटा के लिए खरीदी स्थल एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम क्रमांक 13 रायश्री निर्धारित किया गया है। तहसील बदरवास में विपणन सहकारी संस्था कोलारस के लिए भोलेनाथ मां कंकाली वेयर हाउस बदरवास, तहसील करैरा में विपणन सहकारी संस्था करैरा के लिए स्वनिर्मित एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम करैरा, तहसील नरवर मे विपणन सहकारी संस्था नरवर के लिए श्रीजी वेयर हाउस नरवर, तहसील पिछोर में विपणन सहकारी संस्था पिछोर के लिए स्वनिर्मित एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम पिछोर, तहसील खनियाधाना में विपणन सहकारी संस्था खनियांधाना के लिए मां भगवती वेयरहाउस मोहारीकला, पोहरी तहसील में विपणन सहकारी संस्था पोहरी के लिए मैत्री एंड एग्रो



वेयर हाउस पोहरी तथा तहसील कोलारस में विपणन सहकारी संस्था कोलारस के लिए गरिमा वेयर हाउस कोलारस निर्धारित किया गया है।

# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 अप्रैल को शिवपुरी में

**रामस्वरूप रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 अप्रैल को शिवपुरी आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 10 अप्रैल को ग्वालियर से प्रस्थान कर अपराहन 3 बजे शिवपुरी आएंगी और आईटीआई शिवपुरी में निर्माणाधीन कार्यो, पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज का स्थल निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक में भाग लेंगी। शाम 4-30 बजे कलेक्ट्रेट सभागृह में लाडली बहना, जल जीवन मिशन एवं बरसात पूर्व नालों की साफ-सफाई, सी.सी. रोड एवं झांसी तिराहा रोड एवं नामान्तरण प्रकरणों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगी। इसके उपरांत भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य का महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया विदाई समारोह आयोजित

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रशासनिक सेवाओं में स्थानांतरण एक अवश्यम्भावी प्रक्रिया है, यहां कोई स्थायी नहीं होता परंतु कुछ लोग अपनी छाप लोगों के दिल मे छोड़ देते हैं, कुछ इसी तरह का व्यक्तित्व कलेक्टर एस.कृष्ण चैतन्य का लगभग 2 वर्ष के कार्यकाल दमोह में रहा, सरल सहज , निष्पक्ष, एवं बेदाग छवि से आपने सभी का दिल जीता यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा श्री एस कृष्ण चैतन्य की माता सुजाथा, पिता एसएस रॉव, पत्नी व्ही.मेघना एवं इनकी बेटी वर्षिनी के सम्मान कार्यक्रम में सायं काल एक होटल में कही। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा श्री चैतन्य एवं उनके परिवार को साल एव श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्री चैतन्य ने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में दमोह के अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि जिले में काम करते समय बहुत चुनौतियाँ एवं दबाब होते हैं और इस पद पर रहते हुए इसका सामना करना होता है, दमोह में विभागों द्वारा मुझे



बहुत सहयोग किया गया एवं कठिन परिस्थितियों में विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया गया इस कार्य को आगे भी जारी रखें। सम्मान समारोह के प्रथम चरण में श्री चैतन्य के माता-पिता,एवं बेटी व पत्नी का स्वागत सहायक संचालक संजीव मिश्रा, डीपीओ, समस्त परियोजना अधिकारी, प्रत्येक परियोजना से पर्यवेक्षकों, श्रेयस रावत लोकेश मिश्रा, पवन गर्ग, सचिन गोस्वामी, हजारीआदि द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सीईओ का स्वागत जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर के कार्यकाल पर अपने वक्तव्य रखे जिसमें पर्यवेक्षक नीति रजक, जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन द्वारा बताया गया कि बच्चों के क्षेत्र में काम करना मुश्किल था बड़ी चुनौती थी, खासकर बाल विवाह पर लोगों की एवं अधिकारियों की स्वीकारोक्ति आपके कार्यकाल में अपार सफलता प्राप्त हुई इसी दौरान जिला पंचायत सीईओ ,जिला जन संपर्क अधिकारी श्री कुरैशी, सहायक संचालक संजीव मिश्रा, डीपीओ प्रदीप राय,अनिल जैन महिला बाल विकास विभाग द्वारा अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे एवं वीरेंद्र जैन द्वारा किया गया।

# कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने बाल किशोर शर्मा

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा, पुष्पांजली टुडे**

पन्ना। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व म.प्र. कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति एवं महामंत्री प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ जेपी धनोपिया के अनुमोदन, पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, जिला अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवजीत सिंह भईया राजा, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अनीस खान की अनुशंसा पर म.प्र. कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बालकिशोर शर्मा को कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ पन्ना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिनका नियुक्ति पत्र अल्प प्रवास पर पन्ना आये पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने दिया। नियुक्ति उपरांत श्री शर्मा ने कहा कि जो संगठन जवाबदारी सौपी है उसका ईमानदारी व पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा और जो



जिले भर बिजली की समस्या से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास करूंगा, साथ ही यथाशीघ्र जिले भर में भ्रमण कर ब्लाक अध्यक्ष, मण्डल/सेक्टर स्तर पर गठन किया जायेगा। श्री शर्मा के अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में आशीष खरे जनपद अध्यक्ष शाहनगर, जीरा बाई पटेल, शशिकांत दीक्षित, राकेश गर्ग, मृगेन्द्र सिंह गहरवार, शंकर दुबे, सुखदेव मिश्रा, केशरी अहिरवार, हेतराम शर्मा, अजय श्रीवास्तव, कदीर खान, सौरभ पटेरिया, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सेन आदि शामिल है।

# एफएक्यू मानक की उपज भारत शासन द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर मण्डी समिति गुना में विक्रय न किये जाएं

## भारसाधक अधिकारी मण्डी / अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गुना ने मण ?डी सचिव को दिये निर्देश

उन/ अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के क्रम में भारसाधक अधिकारी मण्डी / अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गुना ने



मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन नीति एवं उपार्जन से संबन्धित विस्तृत निर्देश संदर्भित पत्र द्वारा शासन से प्राप्त हुए है। शासन के निर्देशानुसार उपार्जन कार्य 25 मार्च 2023 से 31 मई 2023 के मध्य किया जाना है। मण्डी अधिनियम की धारा-36 (3) के अनुसार मण्डी प्रांगण में ऐसी कृषि उपज जिसके लिये भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जिससे समर्थन मूल्य दर से कम पर बोली मण्डी प्रांगण में प्रारंभ नहीं की जावेगी।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव का महिला कांग्रेस ने किया स्वागत

## पुरूषोत्तमपुर में महिला कांग्रेस ब्लाक/शहर पन्ना ने की अगुवानी

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा, पुष्पांजली टुडे**

पन्ना। शुक्रवार पन्ना अल्प प्रवास पर पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री व म.प्र. कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव का 12 बजे पुरूषोत्तमपुर में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमति जीरा बाई पटेल के नेतृत्व में ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष रहीमा खातून व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति चांदनी जाटव के द्वारा गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति जीरा बाई पटेल, ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति रहीमा खातून, शहर महिला कांग्रेस



अध्यक्ष श्रीमति चांदनी जाटव, महामंत्री श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती गीता वंशकार, श्रीमती सुनीता प्रजापति सचिव, श्रीमती शांति सेन पार्षद, श्रीमती शिप्रा सरकार, श्रीमती मंजू सरकार, श्रीमती अनीता प्रजापति, श्रीमति माया प्रजापति, श्रीमति आरती प्रजापति, कुमार सोनिया जाटव, लक्ष्मी जाटव, राधा कुशवाहा, श्रीमती लक्ष्मी जाटव, श्रीमती राधा रानी जाटव, श्रीमती मालती कुशवाहा, श्रीमती प्यारी बाई कुशवाहा, श्रीमती किरण कुशवाहा, श्रीमती ऊषा प्रजापति, श्रीमती दीपा जाटव, श्रीमती वर्षा जाटव, श्रीमती पूजा जाटव, कुमारी अनीता वंशकार काफी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुंडलिनी जागरण मानव मात्र का पुनर्जन्म : सहज योग माध्यम



ईस्टर खुशी, उल्लास व उत्साह का पर्व है। गुड फ्राइडे के दिन येरुशलम में ईसा मसीह को सूली पर चढाया गया क्योंकि अंहकारी मनुष्य ईश्वर के अवतरण को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे। हमारे धर्मग्रंथो के अनुसार कलियुग का प्रारंभ ईसा के जन्म के 3102 वर्ष पूर्व हो गया था। यह कलियुग का ही प्रभाव था कि मनुष्य उस ईश्वर को नहीं पहचान पा रहे थे, जो उनका उद्धार करने, उनका दुख दूर करने और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान देने के लिए अवतरित हुये थे। मानव को क्षमाशीलता का संदेश देने के लिए ईसा मसीह सूली पर चढ़ गये और ईस्टर के दिन यानि अपने सूली पर चढने के तीसरे दिन पुनर्जीवित हो गये। धर्म ग्रंथ कहते हैं अपने पुनर्जन्म के बाद 40 दिनों तक वे धर्म ज्ञान बांटते रहे और 41 वें दिन सशरीर स्वर्ग चले गये। मानव मात्र को यह समझना होगा कि ईसा को फिर से जीवित होना ही था तो उन्होंने मृत्यु को स्वीकार क्यों किया। ईश्वर जब भी पृथ्वी पर अवतरित होते हैं उन्हें स्वयं को साधारण मनुष्य के स्थान पर रखकर ही सारे नाटक करने पड़ते है।अन्यथा मनुष्य सिर्फ बातों से उनके गुणों और संदेशों को समझ नहीं पायेंगे। ईसा मसीह ने मनुष्य रुप में हमारे अंदर स्थित पंचतत्व के गुणों में धरती तत्व, जल तत्व और वायु तत्व पर विजय पा ली थी। आज्ञा चक्र जो हमारे कपाल पर स्थित है, के प्रकाश तत्व पर विजय पाने हेतु उन्होंने सूली पर चढना स्वीकार किया और तीनों तत्वों का त्याग कर प्रकाश तत्व पर विजय पाई, ब्रह्माण्ड में सदैव जीवित रहने का आश्वासन देते हुए अंततः स्वर्गलोक को गये। मानव को संदेश देने के लिए ऐसा करना जरुरी था। ईसा मसीह ने कहा था, मैं ज्वाला के रुप में तुम्हारे अंदर स्थित रहूंगा और ईसा हमारे आज्ञा चक्र पर प्रकाश रुप में स्थित हैं। ईसा मसीह ने यह भी कहा था कि आध्यात्मिक उत्थान के लिए आपको द्विज होना पडेगा यानि इसी जन्म में एक और जन्म लेना पडेगा। परम पूज्य श्री माताजी कहती हैं, सहज योग माध्यम से कुंडलिनी जागरण मनुष्य के लिए पुनर्जन्म है। क्योंकि सामुहिक चेतना से हममें आत्मा का प्रकाश आता है और यही आत्मज्ञान पुनर्जन्म है। जीजस का क्रुसारोपण क्षमाशीलता का संदेश है और ईस्टर के दिन उनका पुनर्जन्म आत्मिक उत्थान का संदेश। इस घोर कलियुग में ही आत्मसाक्षात्कार को घटित होना था। हमारे अंतर स्थित सभी पंचमहाभूतों को जानने, समझने और आत्मज्ञान प्राप्त करने हेतु चलिये सहजयोग से जुड़ते हैं ताकि ईस्टर पर्व की सार्थकता को अंगीकार कर सके। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# सीडब्लयूसी ने स्कूल प्रबंधन को बालक सौंपने से किया इनकार

## प्राईवेट स्कूल के छात्रावासों की जांच का डीएसई को दिया निर्देश

दुमका /झारखण्ड। जिले के प्राईवेट स्कूल संचालकों द्वारा छात्रावास में बालकों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखायी जा रही है। अभिभावक बच्चों को होस्टल में डाल दे रहे हैं और बच्चा वहां से भाग जा रहा है जिस दौरान चौथी मंजिल से कूद कर भागने के दौरान एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है। इस बार डिसेंट स्कूल के होस्टल से एक बच्चा भाग गया। राहत की बात यह रही कि वह पुलिस को मिल गया अन्यथा बच्चा चाइल्ड ट्रैफकिंग या दुर्घटना का शिकार हो सकता था। बाल कल्याण समिति ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया है। समिति ने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को ऐसे सभी प्राईवेट स्कूलों की जांच का निर्देश दिया है जहां होस्टल का संचालन किया जाता है। दुमका की मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुरूवार की रात एक 7 वर्षीय बालक को बाल कल्याण समिति के सदस्य रंजन कुमार सिन्हा के आवास पर प्रस्तुत किया। यह बालक पुलिस को पुसारो के पास भटकता हुआ मिला था। इस बालक को लेने के लिए डिसेन्ट स्कूल के प्राचार्य सीडब्ल्यूसी सदस्य के आवास पर पहुंचे और बताया कि बालक उनके होस्टल में रहता था और वहां से भाग





गया है। बालक के घंटों तक स्कूल से गायब रहने के बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा इस बारे में थाना में सनहा (स्टेशन डायरी) तक दर्ज नहीं करवाया गया था इसलिए समिति ने बालक को उसके माता-पिता को सौंपने का निर्णय लेते हुए उसे बक्सीबांध में स्थित बालगृह (बालक) में आवासित कर दिया। शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट ने इस मामले की सुनवाई की। बालक को बालगृह के प्रभारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जबकि उसकी मां भी समिति के समक्ष हाजिर हुई। बच्चे ने कहा कि वह स्कूल नहीं बल्कि अपने घर जाना चाहता है। जरमुण्डी थाना क्षेत्र में रहनेवाली उसकी मां ने अपने बयान में बताया कि एक माह पूर्व उसने 3000 रुपये फी जमा कर अपने एकलौते बेटे का फसिया डंगाल स्थित डिसेन्ट स्कूल में नर्सरी कक्षा में नामांकन करवाया है जहां वह होस्टल में प?ाई कर रहा था। 6 अप्रैल के शाम 7 बजे विद्यालय के प्राचार्य ने फोन कर बताया कि उसका बेटा स्कूल से गायब है। एक घंटे बाद प्राचार्य ने बच्चे के मिल जाने और उसके बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रहने की जानकारी दी। उसने कहा कि वह अपने बेटे को घर में ही रखकर प?ायेगी, उसे होस्टल नहीं भेजेगी। समिति ने वचनबंध लेकर मां के साथ बालक को घर भेज दिया।



# अटेर पुलिस ने अन्धे कत्ल का 24 घण्टे के अंदर किया पर्दाफास

## पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, एसडीओपी अटेर श्रीमती पूनम थापा के निर्देशन मे प्रकरण के अतिशीघ्र खुलाशे एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी तारतम्य मे थाना अटेर मे दिनांक 4 अप्रेल 2023 को ग्राम सोनेलाल का पुरा मरघट मे एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था मे मिला था जिसपर से अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्र. 42/23 धारा 302, 34 भादवि कायम किया गया था बाद संदेहियो से हिकमत अमली से पूछताछ की गई आरोपीगण के नामो कीजानकारी प्राप्त हुई जो घटना स्थल पर वक्त घटना मौजूद थे। दिनांक 6 अप्रेल 2023 को मुखबिर सूचना पर से दो आरोपियो को ग्राम भुजपुरा मे कुम्हरौआ रोड स्थित कोक सिंह जाटव के मकान के पीछे गेंहू के खेत से गिरफ्तार किया गया व आज दिनांक 7 अप्रेल 2023 को मुखबिर सूचना पर से प्रतापपुरा बस स्टैण्ड के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण से पूछताछ पर पाया गया कि पुरानी रंजिश पर से घटना दिनांक को आरोपीगण ने प्रहलाद सिंह पुत्र छबिराम नरवरिया उम्र 58 साल निवासी सोनेलाल का पुरा को मरघट मे अकेले पाकर शराब के नशे में मारपीट कर उसी की साफी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपीगण को जे. आर. पर न्यायालय भिण्ड भेजा गया।

**सराहनीय भूमिका** – उक्त उल्लेखनीय कार्य मे थाना प्रभारी अटेर उपनिरीक्षक देवेन्द्र राठौर, उपनिरीक्षक अमित सिंह सिकरवार थाना प्रभारी सुरपुरा, सहायक उपनिरीक्षक हरिविलास धांकड़, सहायक उपनिरीक्षक ज्ञानचन्द्र, म. र. आरक्षक अपर्णा तिवारी, म. आरक्षक अर्चना तोमर, आरक्षक अलकेश यादव, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह यादव, आरक्षक विशाल राजावत, आरक्षक राजपाल चौहान, आरक्षक विकाश चौहान, आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक भारत सिंह सेंगर, आरक्षक अनिल जाट, प्रधान आरक्षक अमित सेन व सायबर टीम सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह, प्रधान आरक्षक महेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# भारौली पुलिस द्वारा हत्या के आरोपीगणों को 18 घन्टे में किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चैहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अरविंद शाह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भारौली उप निरीक्षक अनीता गुर्जर एवं टीम द्वारा दिनांक 6 अप्रेल 2023 को फरियादी कप्तान सिंह यादव पुत्र स्व. श्री कृष्ण 7 सिंह यादव निवासी गोरम की रिपोर्ट पर आरोपीगण द्वारा फरियादी के लड़के कुलदीप यादव उम्र 22 साल की गला काटकर हत्या करने की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 19/23 धारा 302, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ की गई मामले की गंभीरता को। देखते हुए भारौली थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा दिनांक 7 अप्रेल 2023 को स्थानीय मुखबिर की सूचना पर ऊमरी के लिये थाना प्रभारी मय टीम के रवाना हुए। ऊमरी में पाँढरी बाबा के। मंदिर के पास रोड पर दो लड़के मुँह बाँधे चले



जा रहे थे जिन्हें घेरकर पकड़ा हिरासत में लेकर पूछताछ की तो विधि विरुद्ध बालक एवं आरोपी दोनों ने बताया कि कुलदीप यादव निवासी गोरम का हमारी बहिन से प्रेम प्रसंग चल रहा था एवं बातचीत करता था हम दोनों ने 7 कई बार बात करने से मना किया तो वह नहीं माना। इसीलिये हम दोनों ने कुलदीप का गला काटकर हत्या कर दी,बाद आरोपी एवं विधिविरुद्ध बालक को समक्ष पंचान विधिवत गिरफ्तार कर मैमो के आधार पर आरोपी एवं विधिविरुद्ध बालक से घटना में प्रयुक्त ब्लैड व अपराध के वक्त पहने हुए खून आलूदा कपड़े जप्त किये गये। दोनों को अपराध सदर में आवश्यकता होने पर थाने पर लाया गया। दिनांक 8 अप्रेल 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा।

सराहनीय भूमिका - भारौली थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनीता गुर्जर, उप निरीक्षक मुनैन्द्र राठौर (तकनीकी टीम प्रभारी), कार्य. एएसआई मेहताब सिंह, एएसआई सत्यवीर सिंह, प्रधान आरक्षक (का.) मनीष सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक (का.) विनोद सिंह चौहान, कार्यालय प्रधान आरक्षक अमित सिंह, कार्यालय प्रधान आरक्षक मयंक सिंह, आरक्षक मोहित, आरक्षक गौरव, सैनिक 159 रमेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डॉ गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मांग की है, कि विधानसभा सदस्यों को पूर्व में एक वित्तीय वर्ष में 15,000,00/- रुपये स्वेच्छानुदान के आवंटित किए जाते थे, जिसमें से प्रति व्यक्ति को एक वित्तीय वर्ष में राशि रू. 10,000/- स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। इसके पश्चात् शासन द्वारा स्वेच्छानुदान की राशि में क्रमशः वृद्धि कर 50,000,00/-रुपये एवं वर्तमान में 75,000,00/- रुपये प्रति वित्तीय वर्ष कर दी गई, परन्तु अभी भी प्रति व्यक्ति 10,000 /- रुपये स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। जबकि मंहगाई अत्यंत तेजी से बढ़ रही है। डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधानसभा सदस्यों की स्वेच्छानुदान की राशि प्रति व्यक्ति 10,000/- रू. के स्थान पर 15,000/- स्वीकृत किए जाने की मांग की है।

# रावतपुरा पुलिस ने किया अंधे कत्ल का 24 घण्टे के अन्दर पर्दाफास

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन तथा एस.डी.ओ.पी. लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रावतपुरा अरविंद सिकरवार व उनकी टीम द्वारा मात्र 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल का खुलासा किया गया। दिनांक 5 - 6 अप्रेल 2023 की रात को ग्राम टोला रावतपुरा के कोटवार द्वारा मृतक बलराम का शव उसके खेत की मेढ के पास पड़े होने की सूचना पर से एव मृतक को आई चोटो से अपराध धारा 302 भादवि. का घटित होना पाया जाने से अज्ञात आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

विवेचना के दौरान मृतक के पुत्र द्वारा जिन संदेहियों के द्वारा हत्या करना बताया गया उनकी तस्दीक की जाने पर उनका अन्यत्र होना पाया गया जिसके पश्चात मृतक के पुत्र, मृतक की पत्नि एव मृतक के भाई से वारीकी से पूछताछ करने पर मृतक के भाई उसकी पत्नि एव पुत्र के द्वारा ही एक राय होकर दिव्यांग मृतक की वैशाखी से ही पीट पीट कर हत्या किया जाना पाया जाने से आरोपी गणो को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

**सराहनीय भूमिका**– उप निरीक्षक अरविंद सिकरवार, सहायक उप निरीक्षक विशम्भर दयाल कुशवाह, प्रधान आरक्षक कमलेश कुमार, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र शर्मा, आरक्षक महेन्द्र प्रजापति, आरक्षक भगवान सिंह जाट, आरक्षक रविन्द्र सिहं राजपूत, आरक्षक रोहित यादव, आरक्षक सूरज खरे आरक्षक चरन सिंहं आदि की सराहनीय भूमिका रही।



# मेहगांव पुलिस ने अर्द्ध रात्रि में बचाई महिला की जान

## देवदूत बन पहुंची मेहगांव पुलिस महिला के घर महिला को समझा बुझाकर बचाई जान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहंगाव। 7 - 8 अप्रेल 2023 की दरमियानी रात ग्राम परराावन के रामबरन कुशवाह ने डायल 100 पर फोन कर बताया की मेरी बहु राखी पत्नी संदीप कुशवाह उम्र 24 साल अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी पर लटकने जा रही है, जल्दी आईए नही तो कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जिस पर तत्काल डायल 100 द्वारा मेहंगाव थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा को सूचित किया गया जिनके निर्देशन में रात्रि गश्त अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक रामप्रकाश शर्मा,आर राम खिलाड़ी पायलेट मोहित नरवरिया को मौके पर अविलंब भेजा गया जिनके द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर घर के अंदर कमरे में बंद महिला का दरवाजा बड़ी मुश्किल व समझाइश के बाद खुलवाया महिला राखी बहुत जायदा गुस्से व तनाव में थी जिसे समझा बुझाकर शांत किया और साथ ही घरवालों को भी समझाया यदि समय रहते पुलिस मौके पर नही पहुंचती तो कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी।

# 50 पौवा अवैध देसी मदिरा रखे आरोपी को नवापारा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

नवापारा राजिम- अपराध क्रमांक 142/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट घटना दिनांक 7/4/ 2023 के प्रातः 6÷30 बजे की घटना

घटनास्थल ग्राम कटिया मंजू चाय ठेला विवरण-विवेचक सहायक उपनिरीक्षक मिलू राम साहू थाना थाना स्टाफ के साथ अवैध शराब की कार्यवाही करने के लिए देहात रवाना हुआ था कि जरिए मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम कठिया के बहुर दास ने एक प्लास्टिक के बोरी में अवैध रूप से मंजू चाय ठेला के सामने शराब को रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर हमरा स्टाफ एवं गवाह के साथ मौके में जाकर शराब रेड की कार्यवाही की गई आरोपी बहुर दास चंद्रवंशी के कब्जे से 50 पौवा देसी मदिरा मसाला अवैध रूप से बेचते करते मिलने पर



अवैध रूप से रखे देसी मदिरा के संबंध में 91 जा .फो. का नोटिस देकर दस्तावेज पेश करने बोले जाने पर दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरोपी बहुर दास चंद्रवंशी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत देहाती नालसी पर सेअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी बहुर दास चंद्रवंशी के पास से 09 बल्क लीटर कीमती 5500 व बिक्री रकम 200 कुल जुमला रकम 5700 को गवाहों के समक्षौता जप्त कर अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर 15 दिन के नायक रिमांड पर माननीय न्यायालय रायपुर रवाना किया गया। नाम आरोपी बहुत दास चंद्रवंशी पिता दशरू चंद्रवंशी उम्र 71 वर्ष निवासी ग्राम कठीया थाना गोबरा नवापारा है।

# गुस्से में अपने घर पर आग लगा लेने वाले व्यक्ति की मौके पर जाकर आग बुझाकर बचाई जान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहंगाव ( भिण्ड)। दिनांक 7 - 8 अप्रेल 2023 की दरमियानी रात्रि डायल 100 मेहगांव को सूचना मिली की ग्वालियर रोड मेहगांव में एक व्यक्ति ने अपने घर में कपड़ो में आग लगा ली है कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा के निर्देशन पर तत्काल मौके डायल 100 गाड़ी पहुंची प्रधान आर प्रहलाद सिकरवार ने मौके पर जाकर परिजनों की मदद से आग बुझाई और मौके पर जाकर उस व्यक्ति को समझाइश दी उसके द्वारा तनाव में होने के कारण ऐसा कदम उठाना बताया पुलिस की संत्वाना और समझाइश के बाद घर वालो को भी समझाइश दी गई। मेहगांव पुलिस की एडवाइजरी अपने आस पास तनाव से भरे व्यक्ति को देखे तो उसके मन की बात जरूर सुने, परिजन भी पारवारिक सदस्यों पर ध्यान दे तनाव में उनको मानसिक संबल दे।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के भिंड जिला अध्यक्ष पहुंचे नगर मौ में

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.वेताल सिंह गौड़**

आज सनमति पब्लिक स्कूल में प्राइवेट एसोसिएशन के भिंड जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा जी पधारे जिसमें कई शिक्षक उनके साथ उपस्थित रहे एवं सभी मौ नगर के प्राइवेट स्कूल के मास्टरो की कार्यकारिणी गठित हुई जिसमें प्राइवेट एसोसिएशन के मौ नगर अध्यक्ष बंटी यादव जी को बनाया उपाध्यक्ष जिनेंद्र जैन जी, सचिव सोनू चौहान जी, सह सचिव दिलीप यादव जी, सह कोषाध्यक्ष सत्यपाल प्रजापति जी, सदस्य लाखन कुशवाहा जी, शिवराज सर आदि पदों की नियुक्तियां की।

# शिक्षक के खिलाफ ग्रामवासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। ग्राम पंचायत जामना विकासखंड भिण्ड के ग्राम वासियों ने शिकायत की है कि शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय जामना के हेडमास्टर किशन शाक्य का बर्ताव ठीक नहीं है ग्राम वासियों से गाली गलौच करते है हर व्यक्ति पर हरिजन एक्ट लगाने की धमकी देते हैं।ग्रामवासियों ने शिकायत की है कि यह शिक्षक बच्चों से क्षाडू एवं हैडपम्प से रोज पानी भी भरवाते है। ग्रामवासियों की शिकायत है कि यह स्कूल समय पर नहीं खुलता न ही रोज खाना बनता है ,इस शिक्षक ने ग्राम जामना सरपंच श्रीमती गंगाश्री रामेश्वर दयाल शर्मा से भी अभद्रता से बात की एवं अन्य हर वो व्यक्ति जो शाला में आता है, सब से यह शिक्षक अभद्रता करता है। ग्रामवासियों ने इस शिक्षक को यहां से हटाने की मांग करते हुए कहा कि अगर इस शिक्षक को जल्द ही नहीं हटाया गया तो ग्रामवासी आंदोलन करेंगे। शिकायत कर्ताओं में मुख्य रूप से सरपंच श्रीमती गंगाश्री रामेश्वर दयाल शर्मा, शिवशंकर सिंह भदौरिया, सोनू शर्मा, धीरज अनिल शर्मा, सचिन शर्मा आदि।

# लग्जरी कार में हाईटेक तरीके से ऑनलाईन आईपीएल सट्टा खिला रहे आरोपियों को पुलिस ने धर-दबोचा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर (भिण्ड)। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में वर्तमान में चल रहे ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट मैच सट्टा की धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी



को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य मे अनुविभागीय अधिकारी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र थाना मालनपुर के अन्तर्गत दिनांक 7 अप्रेल 2023 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 7 अप्रेल 2023 को समय शाम 7 ÷ 30 बजे से रात्रि 11 बजे तक आईपीएल क्रिकेट मैच लखनऊ एवं हैदराबाद का चल रहा है जिसमे आईपीएल सट्टा तीन व्यक्ति एक काले रंग की स्कॉपियों बिना नम्बर की गाडी मे तिलोरी तिराहे के पास खड़े होकर आईपीएल क्रिकेट का सट्टा ले रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर से तस्दीक हेतु थाना प्रभारी मालनपुर एवं सायबर सेल टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते मुखबिर की सूचना पर से बताये गये स्थान तिलोरी तिराहे पर जाकर देखा तो वहाँ एक काले रंग की स्कॉपियों गाडी खड़ी मिली, जिसमें देखा तीन व्यक्ति गाड़ी के अन्दर बैठकर मोबाईल चला रहे थे जिन्हें घेराबन्दी कर पकड़ा गया।

उक्त तीनों व्यक्ति अपने मोबाईलों में साईट खुली मिली उक्त सभी आईडी पर लखनऊ व हैदराबाद का मैच चल रहा था उक्त सम्बन्ध मे तीनों व्यक्तियों से साईट के बारे मे पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अब फोन के माध्यम से बुकिंग लेने का सिस्टम बन्द हो गया है हम लोग हाईटेक तरीके से मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलवाते है,जिसके लिये उनके एक अन्य साथी द्वारा उन्हें एजेन्ट आईडी व सुपर आईडी बनाकर दी जाती है जिसकी लिमिट भी उनके उसी साथी द्वारा तय की जाती है, इसके बाद हम लोग सट्टा खेलने वालों को आईडी पासवर्ड बनाकर देते है, जिसके माध्यम से वे ऑनलाईन मैच पर सट्टा लगा सकते है। जिसके लिये खेलने वालों के द्वारा अपनी आईडी रिचार्ज करावायी जाती है जो पैसे हम सीधे अपने बैंक खाते मे ऑनलाईन के माध्यम से डलवा लेते है। उक्त खेलने वालों की आईडी पर जब कॉईन (रुपये) खत्म हो जाते है तो उन्हें पुनः रिचार्ज करवाना पड़ता है जो एजेन्ट व सुपर आईडी के माध्यम से ही होता है। उक्त व्यक्तियों द्वारा पूछताछ की गयी तो बताया गया कि पुलिस से बचने के लिये हम लोग आईपीएल मैच शुरु होते ही अपने घरों से निकलकर गाडी मे चलते हुये या फिर अन्य जिलों इटावा, मैनपुरी, ग्वालियर मुरैना में होटलों एवं किराये के कमरों में आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिलवाते है। उक्त सम्बन्ध में सभी आरोपियों का कृत्य धारा 4 (क) पब्लिक



गेम्बलिंग एक्ट, 109.34 भादवि के तहत थाना मालनपुर मे अपराध क्र. 63 / 23 कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

**जप्त मशरूका का विवरण**–
(1) एन्ड्रॉईड मोबाईल फोन 05 नग कीमती - 01 लाख रुपये।
(2) एक नई बिना नम्बर की काले रंग की स्कॉपियों क्लासिक कार कीमत लगभग 18 लाख रुपये।
(3) एक रजिस्टर जिसमें 25 लाख रुपये का सट्टे का हिसाब।

**सराहनीय भूमिका**– थाना मालनपुर निरीक्षक जितेन्द्र मावई, सायबर सैल उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत,सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिहं, सहायक उपनिरीक्षक जर्नादन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक गोविन्द शर्मा,प्रधान आरक्षक कमल माहौर, प्रधान आरक्षक राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र सिंह, आरक्षक आनन्द दीक्षित, आरक्षक राहुल यादव, आरक्षक यतेन्द्र सिंह राजावत, आरक्षक पंकज तोमर, आरक्षक रामसहाय गुर्जर, आरक्षक हरपाल चौहान, सैनिक रविपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# महात्मा बाबा लोचनदास कला मण्डल द्वारा अम्बाह में आज रात 8 बजे से भव्य रामलीला का मंचन

अम्बाह। अम्बरीश राजा की नगरी कहे जाने वाली महात्मा संत महात्मा लोचनदास की नगरी अम्बाह में आज गणेश पूजन के साथ होगा अंतर्राष्ट्रीय भव्य रामलीला का शुभारंभ संचालक। रामचरित मानस की चौपाईयों के साथ उसे भी दिखाया जायेगा रामलीला को लेकर अम्बाह के ही नही बल्कि आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है 8 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक आयोजित होने वाली रामलीला का आज 8 अप्रैल को शुभारम्भ होगा। इस रामलीला का मंचन क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा पूठ रोड अम्बाह शान्ति बाटिका में किया जाएगा कला मण्डल के प्रमुख श्रीकृष्ण शर्मा जी ने बताया कि इस रामलीला का मंचन आज 8 अप्रैल से प्रारंभ 15 तारीख को इसका विधिवत समापन होगा। डायरेक्टर का कहना है कि आज 8अप्रैल को गणेश पूजन के साथ नारद मोह लीला दिखाई जायेगी उसके बाद कल 9 तारीख को धनुष यज्ञ रामलीला है।



## संपादकीय

### विधि के शासन को चुनौती

*बिहार के सासाराम और बिहार शरीफ में रामनवमी पर शुरू हुई हिंसा के चलते जिस तरह तीसरे दिन भी दोनों स्थानों पर तनाव दिखा, वह कानून एवं व्यवस्था की गंभीर स्थिति को बयान करता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिस तरह बिहार के राज्यपाल से बात करनी पड़ी और अर्द्ध सैनिक बल भेजने का फैसला करना पड़ा, उससे यह भी पता चलता है कि पुलिस उस चुनौती का सामना सही तरह नहीं कर सकी, जो उपद्रवी तत्वों ने खड़ी की। बिहार के पहले बंगाल में भी हावड़ा की पुलिस रामनवमी पर फैली हिंसा के बाद हालात सामान्य करने में नाकाम रही थी और इसीलिए वहां दूसरे दिन भी हिंसा हुई। रामनवमी पर महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर और गुजरात के वडोदरा में भी हिंसा हुई थी। गनीमत यह रही कि वहां अपेक्षाकृत समय रहते हिंसा पर काबू पा लिया गया। यह उम्मीद की जाती है कि जिन भी राज्यों में रामनवमी पर हिंसा हुई, वे उन तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे जिन्होंने उपद्रव किया। राज्यों को इस पर विचार करना होगा कि आखिर शोभायात्राओं को निशाना क्यों बनाया जाता है और ऐसा करने वाले कौन होते हैं? कुछ शहर ऐसे हैं, जहां आम तौर पर हर पर्व-त्योहार पर हिंसा और तनाव देखने को मिलता है। सासाराम की गिनती ऐसे ही शहरों में होती है। बिहार के कुछ अन्य इलाके भी ऐसे हैं, जहां रामनवमी अथवा दुर्गापूजा पर हिंसा भड़क उठती है। जब भी ऐसा होता है तो राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप छिड़ जाता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। यह स्वाभाविक है, लेकिन इसके चलते उपद्रवी तत्वों पर लगाम लगाने में कोई ढील नहीं बरती जानी चाहिए। यह समझा जाना चाहिए कि कठोर कार्रवाई करके ही उपद्रवी तत्वों के दुस्साहस का दमन किया जा सकता है। इस मामले में उत्तर प्रदेश एक उदाहरण बन रहा है। अन्य राज्य सरकारों को इस पर विचार करना होगा कि कानून एवं व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश मिसाल कायम करने में क्यों सक्षम है> सांप्रदायिक हिंसा भड़काने वाले तत्वों के खिलाफ इसलिए कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि वे अपनी हरकतों से केवल सामाजिक सद्भाव को ही चोट नहीं पहुंचाते, बल्कि राज्य सरकारों की बदनामी का कारण भी बनते हैं। विडंबना यह है कि राज्य सरकारें सही सबक सीखने के स्थान पर प्रतिद्वंद्वी दलों को कठघरे में खड़ा करने में जुट जाती हैं। राज्य सरकारें यह विस्मृत नहीं कर सकतीं कि कानून एवं व्यवस्था को नियंत्रित रखना उनकी जिम्मेदारी है और वे बिना किसी पक्षपात अपराधी तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करके ही उन्हें सबक सिखा सकती हैं। यह ठीक नहीं कि देश के कुछ खास इलाकों में सांप्रदायिक तत्व बार-बार कानून के शासन को चुनौती देते हैं। संभाजी नगर, वडोदरा, हावड़ा के बाद सासाराम और बिहार शरीफ में उन्होंने यही किया है।*

# राजनीति और व्यवसाय को लेकर कनफ्यूज हैं प्रशांत किशोर

**अगर अफाक अहमद उनकी पार्टी के प्रत्याशी होते तो ये बात कहने में शोभा देता कि वे उनके पार्टी के हैं. सबसे बड़ी बात तो ये है कि उनकी पार्टी है ही नहीं. जिस जन सुराज की वो बात कर रहे हैं वो एक प्लेटफार्म है, मंच है कोई पार्टी नहीं है. किसी मंच के तहत कोई चुनाव नहीं लड़ा जाता है. एमएलसी चुनाव में कोई किसी पार्टी का प्रत्यक्ष तौर पर प्रत्याशी नहीं होता है. ये अफाक अहमद का व्यक्तिगत जीत है. मुझे लगता है कि प्रशांत किशोर को अगर अपनी वस्तु स्थिति स्पष्ट करनी है तो वो जल्द अपनी पार्टी का निर्माण कर लें. ये वो ढ़ोंग नहीं रचे कि वो बिहार को जानते नहीं हैं. व्यवसाय करना बंद करें. अपने व्यवसायी दृष्टिकोण से बिहार की भोली-भाली जनता को ठगना बंद कर दें. प्रशांत किशोर हो या कोई और लोकतंत्र में हर कोई अपना पार्टी बना सकता है. चुनाव लड़ सकता है. यही हमारे भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है. अगर उन्हें चुनावी मैदान में आना है तो वो जल्द से जल्द अपनी पार्टी का गठन करें. बिहार की राजनीति को अगर आप देखें तो अभी वर्तमान में किसी भी नए व्यक्ति के आने से कोई असर नहीं पड़ने वाला है. दूसरी बात यह भी देखनी चाहिए की कई ऐसे दल हैं जो समाजवादी पार्टी से निकले हैं, जदयू से भी निकल कर अपनी पार्टी बनाई जैसे जीतन राम मांझी का उदाहरण ले लीजिए, उपेंद्र कुशवाहा ने भी अपनी पार्टी बनाई, लोजपा भी है और भी कई छोटे-छोटे दल हैं तो आपको उनकी भी स्थिति देखनी चाहिए.**

जन सुराज पदयात्रा के 187वें दिन सारण में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बीजेपी और महागठबंधन दोनों को आड़े हाथों लिया था. एमएलसी चुनाव में अफाक अहमद की जीत पर प्रशांत किशोर ने कहा कि लोग कहते थे कि जन सुराज कोई दल नहीं है, तो व्यवस्था कैसे बदलेगी? आप सबने देखा कि सारण निर्वाचन शिक्षक क्षेत्र में जो जीत हुई है उसमें वोट किसको मिला है. बीजेपी और महागठबंधन दोनों दल साफ हो गए हैं. बीजेपी कह रही है कि महागठबंधन का वोट कटा है और महागठबंधन वाले कह रहे हैं कि बीजेपी का वोट कटा है. इसी पर प्रशांत किशोर ने कहा है कि जन सुराज कोई वोट कटवा नहीं है और लोग खुद ही बीजेपी और महागठबंधन को साफ कर देंगे. ऐसे में सवाल है कि प्रशांत किशोर की आगे की रणनीति क्या है? क्या वे बिहार में चुनाव लड़ेंगे।

पहली बात ये है कि प्रशांत किशोर यह तय नहीं कर पाये हैं कि उन्हें राजनीति करनी है या नहीं. उन्होंने कहा कि मैं अभी दो साल बिहार का भ्रमण करूंगा, लोगों को समझूंगा. इस बात पर आश्चर्य है कि वे 2015 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ व्यवसाय कर रहे थे तब एक टीम के रूप में बिहार की जनता के बीच में घूम रहे थे. उस वक्त वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे तो उन्होंने बिहार की जनता को बखूबी जाना और समझा है. इन्होंने ये भी जाना है कि बिहार की जनता के दिल में और मन में नीतीश कुमार ही बसते हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार ने चौतरफा प्रगति देखा है. मुख्यमंत्री के कार्यकाल में बिहार को नई दिशा और पहचान मिली है. इसमें महिलाओं का योगदान भी अहम रहा है. महिलाओं की मांग पर हमलोगों ने कई फैसले लिए हैं. उन्हें घर से बाहर निकल कर समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित किया है. पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है. नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दी गई है. प्रशांत किशोर पहले तो यह तय कर लें कि उन्हें करना क्या है. हमने उन्हें हमेशा व्यवसाय करते देखा है. अभी तक उन्होंने



कई राजनीतिक पार्टियों के लिए बदल-बदल कर काम किया है. स्थिरता उनमें कभी नहीं है. पहले वे स्थिर हो जाएं. सरकार और शासन एक योजना से चलती है. उनके पास क्या योजना है. जिस विधान परिषद चुनाव को लेकर वो दंभ भर रहे हैं. अगर अफाक अहमद उनकी पार्टी के प्रत्याशी होते तो ये बात कहने में शोभा देता कि वे उनके पार्टी के हैं. सबसे बड़ी बात तो ये है कि उनकी पार्टी है ही नहीं. जिस जन सुराज की वो बात कर रहे हैं वो एक प्लेटफार्म है, मंच है कोई पार्टी नहीं है. किसी मंच के तहत कोई चुनाव नहीं लड़ा जाता है. एमएलसी चुनाव में कोई किसी पार्टी का प्रत्यक्ष तौर पर प्रत्याशी नहीं होता है. ये अफाक अहमद का व्यक्तिगत जीत है. मुझे लगता है कि प्रशांत किशोर को अगर अपनी वस्तु स्थिति स्पष्ट करनी है तो वो जल्द अपनी पार्टी का निर्माण कर लें. ये वो ढ़ोंग नहीं रचे कि वो बिहार को जानते नहीं हैं. व्यवसाय करना बंद करें. अपने व्यवसायी दृष्टिकोण से बिहार की भोली-भाली जनता को ठगना बंद कर दें. प्रशांत किशोर हो या कोई और लोकतंत्र में हर कोई अपना पार्टी बना सकता है. चुनाव लड़ सकता है. यही हमारे भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है. अगर उन्हें चुनावी मैदान में आना है तो वो जल्द से जल्द अपनी पार्टी का गठन करें. बिहार की राजनीति को अगर आप देखें तो अभी वर्तमान में किसी भी नए व्यक्ति के आने से कोई असर नहीं पड़ने वाला है. दूसरी बात यह भी देखनी चाहिए की कई ऐसे दल हैं जो समाजवादी पार्टी से निकले हैं, जदयू से भी निकल कर अपनी पार्टी बनाई जैसे जीतन राम मांझी का उदाहरण ले लीजिए, उपेंद्र कुशवाहा ने भी अपनी पार्टी बनाई, लोजपा भी है और भी कई छोटे-छोटे दल हैं तो आपको उनकी भी स्थिति देखनी चाहिए. चूंकि ये सभी पार्टियां तो कई वर्षों से बिहार में राजनीति कर रही हैं और जब इनको अब तक सफलता नहीं मिली है जितनी कि मिलनी चाहिए था तो प्रशांत किशोर के लिए तो बहुत मुश्किल होगा. लोकसभा का चुनाव अगले साल है. मुझे लगता है कि देश अभी कठिन दौर से गुजर रहा है. वो इसलिए कि जनता के हक की बात नहीं हो रही है. लोकतंत्र खतरे में है. ऐसे में मुझे लगता है कि बिहार के लोग किसी नए चेहरे पर दांव नहीं लगाना चाहेंगे. चूंकि अभी लोकतंत्र बचाना है और उसके लिए जो अहम पार्टियां निकल कर आएंगी, जो जनता और जनहित की बात करेंगी उसी के साथ जनता जाएगी. जहां तक 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की बात है तो मैं ये मानती हूं कि जिस तरह से 2015 में महागठबंधन ने बिहार में परचम लहराया था, उसी समीकरण के साथ फिर से हम चुनाव लड़ेंगे. इसमें कोई शक नहीं है कि हम राजद और अन्य सभी पार्टियों के साथ ही 2025 में विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे. महागठबंधन का निर्माण इसी संकल्प के साथ किया गया है.

## अब पानी के अंदर दौड़ेगी मेट्रो, भारत के पहले अंडरवाटर ट्रेन की होने जा रही टेस्टिंग

अब पानी के नीचे से भी मेट्रो चलेगी. भारत के पहले अंडर वाटर मेंट्रे ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है. 9 अप्रैल यानी कि कल इसकी टेस्टिंग होगी. ये मेट्रो हुगली नदी में बने टनल से होकर गुजरेगी. इस मेट्रो में 6 कोच जुड़े होंगे. इसके अलावा इस मेट्रो में कई और खासियत है. कोलकाता ईस्ट-वेस्ट मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत दो छह कोच वाली ट्रेनों को परीक्षण के लिए तैयार किया गया है. साल्ट लेक में हावड़ा मैदान और सेक्टर वी को जोड़ने वाला ईस्ट वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर सेक्टर वी स्टेशन और सियालदह के बीच कम दूरी के लिए चालू है. दो छह कोच वाली इन मेट्रो ट्रेन एस्प्लेनेड और हावड़ा मैदान के बीच 4.8 किलोमीटर की दूरी पर ट्रायल रन करेगी.

**कोलकाता में शुरु हुई थी देश की पहली मेट्रो**–देश की पहली मेट्रो रेलवे कोलकाता में ही 1984 में शुरू की गई थी. इसके बाद दिल्ली में 2002 में शुरू की गई थी और अब कई शहरों में इसकी शुरुआत हो चुकी है. वहीं कोलकाता की उपलब्धि में एक और अंडरवाटर मेट्रो जुड़ने जा रही है.

**मेट्रो चलाने के लिए बैटरी का भी उपयोग**–टीओआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि कल साल्ट लेक और हावड़ा के बीच होने वाला ट्रेल रन सियालदह और एस्प्लेनेड सुरंग से सफलतापूर्वक गुजरेगा. वहीं सियालदह और एस्प्लेनेड के बीच ट्रैक बिछाने का काम अधूरा है. हालांकि अस्थायी ट्रैक को बिछाकर ट्रायल के लिए तैयार किया गया है. सियालदह स्टेशन तक ट्रेनें सामान्य रूप से चलेंगी लेकिन सियालदह से एस्प्लेनेड तक, उन्हें बैटरी चालित लोको द्वारा सुरंग के रूप में धकेला जाएगा. फिर एस्प्लेनेड से हावड़ा तक वे सामान्य रूप से काम करेंगे.

**दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा काम**–केएमआरसी ने कहा था कि भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो सेवा, ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना दिसंबर 2023 तक पूरी होने की उम्मीद है. अभी कार्य प्रगति पर है और अंडरवाटर मेट्रो परियोजना के कई काम के पूरा होने में देरी है.

**लंदन और पेरिस जैसे होगी ये मेट्रो**–भारत में अपनी तरह की पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन की तुलना यूरोस्टार से की गई है, जो लंदन और पेरिस को जोड़ती है. ये हुंगली नदी के तल से 13 मीटर नीचे होकर ये मेट्रो ट्रेन गुजरेगी. इसके शुरू होने से लाखों यात्रियों को राहत मिलेगी.

**कितना पड़ेगा खर्च**–हावड़ा स्टेशन सबसे ज्यादा 33 मीटरत तक गहरा होगा, अभी हौज खास 29 मीटर तक सबसे ज्यादा गहरा स्टेशन है. सुरंग को बनाने में प्रति किलोमीटर 120 करोड़ रुपये तक का खर्च बताया जा रहा है.

# बिहार और यूपी जाने वाले यात्रियों के लिए राहत

भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए समय-समय पर स्पेशल ट्रेन की सौगात देता रहता है. अब इंडियन रेलवे गर्मी के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है. अगर आप भी बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए सफर करने वाले हैं तो आप इन ट्रेनों में बुकिंग करा सकते हैं. रेलवे ने इन स्पेशल ट्रेनों को गर्मी की छुट्टियों में भीड़ के मद्देनजर चलाने का फैसला किया है. ये ट्रेनें पाटलिपुत्र से गोमतीनगर और बरौनी से कोयम्बटूर के लिए समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने का फैसला किया गया है. ये ट्रेनें लोगों को गर्मी में आने जाने के लिए राहत देंगी. ट्रेन नंबर 03219 और 03220 पाटलिपुत्र-गोमतीनगर-पाटलिपुत्र समर स्पेशल ट्रेन को रेलवे हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, गोरखपुर, बापूधाम, मोतिहारी, गोरखपुर और अयोध्या कैंट के रास्ते पाटलिपुत्र से गोमतीनगर के मध्य इन ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया



है. ट्रेन नंबर 03219 सात अप्रैल से हर शुक्रवार को पाटलिपुत्र से 19.40 बजे शुरू होगी. जबकि 03220 नंबर गाड़ी 8 अप्रैल से गोमतीनगर से 8.15 बजे खुलेगी. ये दोनों ट्रेनें 1 जुलाई तक संचालित हैं. गाड़ी संख्या 03357 और 03358 बरौनी-कोयम्बटूर-बरौनी समर स्पेशल ट्रेन को रेलवे की ओर से 1 अप्रैल से चलाई जा रही है. ये ट्रेनें किउल, झाझा, चितरंजन, धनबाद और रांची के रास्ते से चलेगी. इन ट्रेनों का संचालन गर्मी के मौसम में तीन मई तक चलाई जाएंगी. रेलवे इन ट्रेनों को शनिवार और शुक्रवार को चलाएगा. रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों की ज्यादा भीड़ गर्मियों के मौसम में होती है. इस कारण प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ को कम करने और रेलवे से यात्रियों के सफर को सुगम बनाने के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाता है. अभी गर्मी के लिए इन्ही दो रूटों पर स्पेशल ट्रेन का ऐलान हुआ है. रेलवे अन्य ट्रेनों का भी ऐलान कर सकता है.

# रूस की अध्यक्षता में यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक के बहिष्कार के पीछे अमेरिका की है गहरी रणनीति

रूस ने बुधवार को सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई थी ताकि युद्ध ग्रसित क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके. लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, अल्बानिया, माल्टा व कई अन्य देशों ने इस बैठक का बहिष्कार कर दिया... इनका कहना था कि रूस युद्ध करने वाला अपराधी है. ऐसे में उसकी अध्यक्षता में बैठक करना ठीक नहीं है...ऐसे में सवाल ये है कि इससे यूएन के फ्रेमवर्क पर क्या असर होगा...और ऐसा करके अमेरिका क्या दिखाना चाहता है. इसके पीछे की जो वजह है वो रूस का यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध और विवाद पर जा कर ठहरता है. जिसे लेकर पश्चिमी देश जो हैं वो पूरा वोकल है यूक्रेन के समर्थन में और जिस डेमोक्रेटिक वैल्यूज की जो वेस्ट बात करता है या फिर पीसफुल रेजोल्यूशन की बात करता है उसमें कहीं न कहीं फ्लॉस है. चूंकि यूएन को बनाने का जो उद्देश्य था वो ये कि हमें किसी भी तरह से युद्ध और आक्रमण को रोकना है और यूएन में जिस तरीके से पी-फाइव की जो मनमानी है उस हिसाब से पहले भी बहुत सारे अग्रेशन देखने को मिला है और यूएन जो है उन्हें रोक पाने में फेल रहा. अगर उस तरीके से इसे देखें तो जो पूरा का पूरा रिफ्लेक्शन रसिया-यूक्रेन वॉर का है जिसमें वेस्ट चाहता है कि वो उसमें शामिल नहीं हो कर उसके डिफेंस का दिखावा करने की कोशिश है. यूएन के फ्रेमवर्क पर तो बिल्कुल असर पड़ेगा लेकिन जहां तक उसकी बात करते हैं तो वो एक डिबेटिंग फोरम है. वहां पर मुद्दों की बात होती है. जहां पर सिक्योरिटी थ्रेट को लेकर बहुत इंप्लीकेशन होते हैं उस पर बात करने के लिए सभी को शामिल होना चाहिए था. आप शामलि होते वहां पर अपनी बात रखते उसे लेकर और जहां तक पश्चिमी देशों को देखेंगे तो पाते हैं कि उनके पास तो वीटो पावर भी है. अगर आपके हित की कोई बात नहीं थी तो आप वीटो कर सकते थे. लेकिन आप जिस तरीके से लोकतंत्र की दुहाई देते हैं और वीटो पावर के रहते मीटिंग में नहीं शामिल होना, वार्ता नहीं करना तो मुझे लगता है कि ये कोई वेलकमिंग मूव नहीं है. इसमें बहुत सारी चीजें हैं. रसिया अमेरिका से अपने संबंधों को सामान्य करना चाहता है ये उसकी पहल है. लेकिन जब दो पैरलल पावर होते हैं और जहां पर आपके पास इकोनॉमिक इंटीग्रिटी है और कहीं एक देश में युद्ध चल रहा है तो उससे पूरी दुनिया कहीं न कहीं प्रभावित हो जाती है. उस हिसाब से रसिया का वेलकमिंग मूव है लेकिन जहां तक हम यूरोपीय यूनियन और यूरोप की बात करें और अगर हम रसिया के युद्ध को देखें तो लोग इसे अग्रेशन भी कह रहे हैं तो मैं, इसे आक्रामकता नहीं मानता. चूंकि जब आप सुरक्षा की बात करते हैं, स्ट्रैटेजिक कैलकुलेशन की बात करते हैं तो यूक्रेन को जिस तरीके से यूरोप हार्म कर रहा था और अमेरिका उसका समर्थन कर रहा था. वो प्रत्यक्ष तौर पर रूस के लिए सुरक्षा का खतरा पैदा कर रहा था. रूस को कहीं न कहीं ये संदेश दिया जा रहा था कि उसकी जो रसियन माइनॉरिटी है जिसे की बाद में उसने कनेक्ट कर लिया, और वो कहीं न कहीं उन्हें सुरक्षित कर पाने में कहीं न कहीं फेल हो रहे थे. फिर जिस तरीके से वहां जनोसाइडल टेंडेंसी चल रही थी तो रसिया की वो मजबूरी थी यूक्रेन के साथ और जिस तरीके से पश्चिमी देशों ने इसे आगे बढ़ाया, कोई वार्ता नहीं हुई और कोई गंभीर पहल नहीं की गई इसे रोकने के लिए बल्कि इसे हो जाने दिया..तो इसके पीछे का कारण ये है कि जो यूएस की वेपन इंडस्ट्री है उसका भी एक इंटरेस्ट था जिससे कि जितने भी उनके आउटडेटेड हथियार थे उसका सप्लाई किया गया. जिस तरीके से अमेरिका के मिलिट्री पर्सनल यूक्रेन में इन्वॉल्व हैं...तो एक तरीके से रूस का जो डिफेंस है वो अमेरिका और वेस्ट को लेकर कम्बाइंड है...तो इसे हम एक पहलू से नहीं देख सकते है कि ये रूस का अग्रेशन है. आप याद कीजिए कि जब क्यूबा में रसिया ने अपने मिसाइल लगाया था उससे अमेरिका को डायरेक्ट रूप से सुरक्षा का खतरा था चूंकि जब आप किसी के आंगन में जाकर किसी को क्षति पहुंचाएंगे तो उस पर सिक्योरिटी थ्रेट नहीं हो सकता है क्या? तो ये डबल स्टैंडर्ड वाली पॉलिसी है. जब अमेरिका ने 2003 में इराक के ऊपर अग्रेशन किया तो वो तो आपने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के रेजोल्यूशन के बिल्कुल भी खिलाफ जाकर किया गया था...तो ये जो डेमोक्रेटिक वैल्यू की, मोरालिटी की बात करते हैं तो वो सब एक छलावा है. यहां पर जो मेन मुद्दा है वो ये कि किसी तरह से यूरोप को फिर से इंटिग्रेट करके अमेरिका को लीडरशिप लेना था क्योंकि ट्रम्प के शासनकाल में यह पूरी तरह से बिखर गया था...तो मेरा मानना है कि रसिया को अकेला इसके लिए बदनाम नहीं किया जा सकता है. यूरोपीय देशों को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रसिया पर निर्भर रहना पड़ेगा. ये सही है कि ओपिनियन हर देश का महत्वपूर्ण होता है. लेकिन बात ये है कि अल्बानिया, माल्टा आदि देशों के विरोध करने से क्या फर्क पड़ जाएगा. जब हम वॉर की बात करें और इससे पहले भी युद्ध हुए हैं. देखिये नाटो तो सुरक्षा प्रदान करने के लिए बना था लेकिन वो परे तरीके से अफगानिस्तान में घुसा, लीबिया में हस्तक्षेप किया तो जब ये अफगानिस्तान में घुसे तो क्या वहां पर निर्दोष बच्चों और महिलाओं की किलिंग हुई. ह्यूमन राइट्स का वायलेशन तो वहां पर भी हुआ और जो देश ह्यूमन राइट्स की आज बात कर रहे हैं तो क्या उन्होंने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम नहीं गिराया. इस स्तर पर आकर ये सब बातें करना..तो यही कहा जा सकता है कि गुनहगार जो है वो परोपकार का पाठ पढ़ा रहा है...तो अमेरिका का ये सारा स्ट्रैटेजिक कैल्कुलेशन है कि यूरोप को किस तरीके से अपनी गिरफ्त में लाना है और वो उसमें सफल भी हुआ है और जो देश रूस के मीटिंग का विरोध कर रहे हैं तो इनका अपना सुरक्षा का कोई आर्किटेक्चर है ही नहीं इसलिए ये नाटो से जुड़ रहे हैं ताकि किसी तरह से अपनी सुरक्षा और अखंडता को सुरक्षित किया जाए.



# सीहोर में बनी फिल्म व्हाट ए किस्मत का हुआ प्रिव्यू शो

## फिल्मों के निर्माण के लिए सीहोर सबसे बेहतर लोकेशन : मोहन आजाद





**सीहोर।** नगर की विभिन्न लोकेशन पर बनी फिल्म व्हाट ए किस्मत का प्रिव्यू शो शनिवार को श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में रखा गया। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन, पत्रकारों ने फिल्म का प्रिव्यू शो देखा। इससे पहले यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, फिल्म निर्देशक मोहन आजाद, पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, विक्रांत गोहिया, शैलेंद्र गोहिया, मधु मोहन आजाद, यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. तिवारी ने फिल्म निर्देशक मोहन आजाद के फिल्मी सफर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए फिल्म निर्देशक मोहन आजाद ने कहा कि यह फिल्म डॉ. मुकेश तिवारी एवं उनकी टीम के सहयोग के कारण समय पर पूरी हो सकी। इसका कुछ हिस्सा यूनिवर्सिटी कैंपस में भी फिल्माया गया है। शो समाप्ति में बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सभी उपस्थितों ने फिल्म की मुक्तकंठ से सराहना की। बाद में द क्रिसेंट रिसोर्ट में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें फिल्म निर्देशक और लेखक मोहन आजाद ने बताया कि फिल्मों के निर्माण के लिए सीहोर सबसे बेहतर लोकेशन है। सीहोर में फिल्म बनाना उनके लिए सबसे अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को लेकर जब उन्होंने समाजसेवी श्री अखिलेश राय से मुलाकात की तो उन्होंने बिना देरी किए फिल्म के लिए हां कर दी। उसके बाद रिकार्ड 24 दिनों में फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई। श्री आजाद ने बताया कि फिल्म की कहानी उनकी है एवं निर्देशन उन्होंने किया है। फिल्म का निर्माण सीहोर के समाजसेवी अखिलेश राय द्वारा किया गया है। इस फिल्म की पूरी शूटिंग सीहोर में ही विभिन्न लोकेशन पर की गई है। इसमें स्थानीय कलाकारों ने भी भूमिका निभाई है। फिल्म के दौरान सीहोर वासियों से भी उन्हें अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माण करना इतना आसान काम नहीं होता है, लेकिन जब उन्होंने सीहोर में इसकी शूटिंग शुरू की तो उन्हें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आई। उन्होंने कहा कि वे अपनी अगली फिल्म की शूटिंग भी सीहोर में ही करना चाहेंगे। निर्देशक मोहन आजाद ने बताया कि फिल्म की रिलीज को लेकर बातचीत चल रही है। जल्द ही फिल्म रिलीज की जाएगी। फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए निर्माता एवं समाजसेवी श्री अखिलेश राय ने बताया कि व्हाट ए किस्मत फिल्म पूरी तरह से मनोरंजनात्मक फिल्म है। फिल्म पूरे समय दर्शकों को बांधे रखती है। फिल्म की पटकथा एवं इसका निर्देशन इतने बेहतर ढंग से किया गया है कि फिल्म दर्शकों के दिलो दिमाग में छा जाएगी। इससे पहले फिल्म व्हाट ए किस्मत के शुरूआत से लेकर समापन के सफर की रोचक जानकारी वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवर दयाल गोहिया ने दी। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्देशक एवं लेखक मोहन आजाद ने सबसे पहले सीहोर की विभिन्न लोकेशन देखी और फिर 6 दिवसीय फिल्म मेकिंग, एक्टिंग कार्यशाला लगाई। इसके बाद उन्होंने सीहोर में ही फिल्म निर्माण करने का मन बनाया। कार्यशाला में सीहोर के विभिन्न कालाकारों के ऑडिशन भी लिए गए। इसमें से कई स्थानीय कलाकारों को फिल्म के लिए चुना गया था। अंत में पत्रकार रघुवरदयाल गोहिया ने उपस्थित पत्रकारों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों का आभार भी प्रकट किया एवं सभी से आग्रह भी किया कि वे फिल्म जरूर देखें।

# घर से बेघर बेसहारा बुजुर्गों को शासन से मदद की दरकार

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की योजना सिर्फ कागजों पर

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**छुरा।** ग्राम पंचायत रानीपरतेवा निवासी 79 वर्षीय जाति राम सिन्हा एवं उनकी 60 वर्षीय पत्नी डेरहिन बाई ने बताया हम घर से बेघर हो चुके हैं।3 साल पहले हमारा घर टूट जाने से हम दोनों विश्वकर्मा समाज के भवन में निवास करते हैं।लेकिन अब समाज के लोग खाली करने बोल रहे हैं।जिससे हम दोनों आर्थिक रूप से परेशान हो गए हैं। मेरे पति भीख मांगने मजबूर हो गए हैं। लेकिन शासन से आज तक हम जैसे बेसहारा लोगों को कोई मदद नहीं मिला है। वृद्धजनों एवं बुजुर्गों के लिए सरकार अनेक योजनाएं गिनाते हैं।लेकिन हम लोगों को भीख मांगना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल को होने पर उन्होंने तहसील कार्यालय पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान की जानकारी लिया। वही मकान हानि होने पर 95,100 रूपए प्रति आवास अनुदान सहायता राशि शासन द्वारा दिया जाता है। किंतु यह राशि की मदद जाति राम सिन्हा एवं उनकी पत्नी डेरहिन बाई को नहीं मिल पाया है।मनोज ने गांव के कोटवार यशवंत सागर से भी जानकारी लिया तो उन्होंने भी बताया आज तक मुझे इन लोगों की मदद की जानकारी नहीं मिला है।मेरे जानकारी में इन लोगों को मकान हानी राशि नहीं दिया गया है।जिस पर समाजसेवियों ने शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए बेसहारा बुजुर्ग परिवार की मदद करने अपील किये है।



# जितेंद्र मांझी बने भाजपा जिला महामंत्री

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद**–भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अरुण साव जी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) माननीय श्री पवन साय जी की सहमति एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विकास मरकाम जी के अनुमोदन एवं भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद जिला अध्यक्ष माननीय श्री राजेश साहू जी की अनुशंसा से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष माननीय श्री ऋतुराज शाह जी जिला गरियाबंद के जिला पदाधिकारी की घोषणा की गई जिसमें जितेंद्र मांझी जी को जिला महामंत्री बनाया गया। उनको जिला महामंत्री बनाए जाने पर सनत मांझी, गजानंद कश्यप,पदुलोचन मांझी, जगमोहन पटेल, प्रमोद यादव, तानसिंह मांझी, बेनु नागेश, यसबंत ध्रुव, रूपदश मरकाम, जयकिशन नेताम,हुलशी नेताम, हीरालाल मांझी, मोहन नेताम, पुरन सिंग मांझी, रेखराज पुझारी ,दिनेश वैष्णव, डोमेंद्र सोनी, बसंत नागेश एवं जेस्ट- श्रेष्ठ सभी कार्यकर्ताओं ने दी बधाई दी।

# डॉ.बी एम दिनकर चैरिटेबल नि.शुल्क हॉस्पिटल का शुभारंभ आज



**दैनिक पुष्पांजली टूडे**

नगर गोहद को किसी भी राजनेता या एम एल ए ने गोहद के बारे में नहीं सोचा मगर यह नगर श्री कृष्ण भगवान के नाम से जाना जाता है क्योकि यहाँ भगवान श्री कृष्ण गाय चराने आते थे तो यह उनके गायों चराने की हद रही है शायद इसी कारण यह अपनी भाग्य से ही कुछ ना कुछ अच्छा करवाता रहता है इसी को। नर सेवा नारायण सेवा की कहावत को चरितार्थ करते हुए डॉ. धर्मवीर दिनकर ने अपने पिता की पुण्य स्मृति के उपलक्ष में समाजसेवी डॉक्टर बी एम दिनकर चैरिटेबल हॉस्पिटल का निशुल्क गोहद नगर में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु डॉ बीएम दिनकर चेरिटेबल हॉस्पिटल का शुभारंभ 9 अप्रेल दोपहर 3 बजे मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिह के मुख्य आतिथ्य बिधायक मेवाराम जाटव ,वासुदेव शर्मा, मानसिंह कुशवाह, देवाशीष जरारिया के विशिष्ट आतिथ्य में होगा हॉस्पिटल संचालक डॉ धर्मवीर दिनकर ने बताया की आज के युग मे चिकित्सा सुविधा काफी महंगी हो गई है कई ऐसे गरीब परिवार है प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध नही है इस हॉस्पिटल के माध्यम से हम निशुल्क इलाज करेंगे अभी प्रारम्भ में बेड चार्ज ऑपरेशन थिएटर द्बष्ह्व चार्ज सहित दो से 3 डॉक्टर 24 घंटे सेवारत रहेंगे साथ ही ब्लड प्रेशर शुगर की निशुल्क जांच आमजन को सेवा मुहैया कराएंगे यहाँ 30 पलँग की व्यवस्था की गई है धीरे धीरे सुविधाओं में और विस्तार किया जाएगा

# बन्नूर गांव में रथ खिंचने उमड़े श्रद्धालु

**पुष्पांजली टुडे**



मंड्या। बन्नूर गांव सरकारी बस स्टैंड पर स्थित प्राचीन राम मंदिर का रथ को खिंचने शनिवार को आस-पास गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।मंदिर के पुजारियों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की प्रतिमा को भव्य फूलों से अलंकार करने बाद गाजे-बाजे के साथ मंदिर से बाहर लाकर रथ पर विराजमान करने बाद श्रद्धालुओं ने रथ को खिंचा। मंदिर सहित गांव के प्रमुख स्थालों को भव्य रंगीन लाइटिंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में रथ को भ्रमण कराया। रथयात्रा में पंडित कृष्ण स्वामी, श्रीनिवास, समाजसेवी के महेन्द्र सिंह राजपुरोहित कालापा, राजेश सिंह राजपुरोहित, राधा कृष्णा, राजु गौडा, पार्थ सारथी, हेमाराम सीरवी, बाबु गौडा आदि मौजूद थे।

# सांसद सुधीर गुप्ता भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन पर करेंगे चर्चा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को विशेष जिम्मेदारी के साथ संभाग स्तर पर कार्यकर्ताओं को सही करने के लिए मैदान में उतारा है वही पार्टी के राष्टीय सह कोषाध्यक्ष नीमच सांसद सुधीर गुप्ता को ग्वालियर चंबल संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया रे पार्टी जिला कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया संभागीय प्रभारी सांसद सुधीर गुप्ता अपने निर्धारित दो दिवसीय प्रवास के तहत 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे मुरैना, शाम 5 बजे गवालियर नगर एवं ग्रामीण, 11 अप्रैल को जिला भिंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी प्रबंधन को लेकर बैठक में शिरकत करेंगे। श्री नरवरिया ने बताया सुधीर गुप्ता जिले के पूर्व अध्यक्ष पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी भाजपा , पूर्व भाजपा मोर्चा/प्रकोष्ठ/विभाग अध्यक्ष /संयोजक/पूर्व सांसद/विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष , पूर्व महापौर, पूर्व निगम अध्यक्ष, पूर्व जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष, साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष पूर्व जनपद अध्यक्ष, पिछले दो बार के अपेक्षित हैं। मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए मार्गदर्शन करेंगे।

# भाजपा के कार्यकर्ता की तरह काम कर रही है पुलिस : मान सिंह कुशवाहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर के परेड चौराहा पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विजय गोयल संझू के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का

## कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका

पुतला दहन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा व भिंड दतिया लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवासीष जरारिया ने उपस्थित होते हुए कहा आज सरकार मैं बैठे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं जो हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी को पगला गए जैसे शब्द से संबोधन करना बहुत ही निंदनीय है जिस बात को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है

**झुमा झटकी के बाद हुआ पुतला दहन**–शहर के परेड चौराहे पर पुलिस प्रशासन द्वारा काफी बड़ी संख्या में पुतला दहन रोकने के लिए फायर बिग्रेड व बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था वहां पर मौजूद की गई थी उसके बाद भी पुलिस की जुमा झटकी के बाद एक पुतला नहीं जला तो कांग्रेसियों ने पूर्व से प्रयो जित तरीके से तीन पुतले बनाए हुए थे बाकी के दो पुतलो में आग लगाकर पुतला दहन का कार्यक्रम सफल बनाया कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा बोले कि पुलिस प्रशासन भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है पानी की बौछारें पुलिस लाठियों के दम पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को डराना चाहती है लेकिन कांग्रेस के यह वह कार्यकर्ता है जिनके पूर्व जनों ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों की लाठियां भी खाई है वह गोलियां भी खाई है उन्होंने कहा जब तक प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ नहीं कर देते तब तक कांग्रेस के कार्यकर्ता शांत बैठने वाले नहीं है इसी प्रकार रोडो पर संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में भिंड दतिया लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवासीष जरा रिया ने कहा भाजपा की जमीन खिसकती देख शिवराज सिंह अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं वह संवैधानिक पद पर हैं उन्हें ऐसे शब्दों का उपयोग करना बहुत ही निंदनीय है उन्हें सार्वजनिक रूप से बोले गए शब्दों पर माफी मांगनी चाहिए। इसी क्रम में कार्यक्रम में आयोजक अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विजय संजू गोयल, सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष गुड्डा जैन ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा भदौरिया, डॉ रणवीर यादव वरिष्ठ नेता जगत सिंह यादव सरपंच, सोनवीर यादव, शांति कुशवाह, वीरेंद्र यादव यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पिंकी भदौरिया, युवा नेता सचिन द्विवेदी, राहुल सिंह राजावत, अजय विमल, राजवीर बघेल, पार्षद राहुल सिंह राजावत, अरविंद सोनी, अभिषेक मौर्य,अमित कुशवाहा, विजय देपुरिया स्नेह लता जैन आदि लोग मौजूद थे।





# जीतो वालीबॉल प्रसन्ना कप का आगाज़

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू ञ्जीतो बैंगलुरु नार्थ द्वारा आयोजित जीतो वालीबॉल के प्रसन्ना कप का आगाज जय नगर स्थित कित्तूर राणी चेनम्मा ग्राउंड में हुआ। भँवरलाल भंडारी के मुख्य प्रायोजन, नेमीचंद दलाल के सह प्रायोजन एवं मिश्रीमल कटारिया के जर्सी प्रायोजन में आयोजित इस वालीबॉल टूर्नामेंट

## जयनगर स्थित कित्तूर राणी चेनम्मा ग्राउंड में हो रहा है आयोजन

में 12 टीमो के बीच रस्साकस्सी होगी। रुद्राक्ष किंग, राजेंद्र स्ट्राइकर्स, संघवी वारियर्स, यू के टाइगर्स, फ्यूचूरा एसेस, जीरावला रॉयल्स, केशरिया लायंस, भंडारी लायंस, वैष्णोदेवी लायंस, कूल कार्बियोस, कयाना केनॉनबालर्स एवं एमआईपीएल टीमो ग्लोबल के बीच दो दिनों तक चलने वाले 33 मेचो की जद्दोजेहाद के बाद विजेता का फैसला होगा। प्रसन्ना कप का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ तथा प्रायोजकों, जीतों पदाधिकारियों तथा खेल समिति सदस्यों ने द्वीप प्रज्वलन किया। जीतो बैंगलुरु नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए प्रायोजकों, टीम मालिकों, खिलाड़ियों एवं खेल समिति सदस्यों को बैंगलुरु जीतो के इतिहास में प्रथम बार आयोजित होने वाले वालीबाल टूर्नामेंट में सहयोग के लिये धन्यवाद दिया तथा खिलाड़ियों से खेल भावना के प्रदर्शन का अनुरोध किया।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने, उनके उत्साहवर्धन में बढ़ोतरी करने के लिये जीतो का यह आयोजन एक सुखद विषय है। जीतो नार्थ के खेल संयोजक विमलेश भंडारी जीतो में प्रथम बार आयोजित होने वाले वालीबॉल टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले प्रायोजक, टीम मालिक, खिलाड़ी एवं समिति सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वो सभी हमेशा दृष्टि पटल पर बने रहेंगे सहसंयोजक अमित कोठारी के अनुसार इस खेल आयोजन की व्यवस्थाओं में खेल समिति सदस्य नेमीचंद दलाल, सेखर चानोदिया, नीतेश गांधी व नवरतन बाघमार का अनुकरणीय सहयोग है। टूर्नामेंट शुभारंभ के अवसर पर आगामी जेपीएल के मुख्य प्रायोजक निकेश बोहरा,नार्थ महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, कार्यकारिणी सदस्य सुमन सिंघवी,जीतो नार्थ के सचिव प्रमोद बाफना, देव सामर व सिद्धार्थ पटवा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, नितिन कटारिया, महेंद्र सोलंकी के साथ जेएसपीएल के दीपक चण्डालिया, ऋषि बाफना तथा प्रायोजकों-टीम मालिकों के पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित थे।



शाहरुख-विराट का पठान डांस

# डीआरएस में बचे गुरबाज की फिफ्टी, डूप्लेसी बोल्ड हुए तो कमेंटेटर बोले- इतने गैप से तो ट्रक गुजर जाता

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्क्क) में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 81 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स मैदान पर चयक्र ने पहली पारी में 203 रन बनाए। जवाब में ऋष्क 123 रन ही बना सकी। शार्दूल ठाकुर और स्पिनर्स टीम की जीत के हीरो रहे। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने विराट कोहली के साथ झूमे जो पठान गाने पर डांस किया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने छ्रक्र में बचने के बाद फिफ्टी लगाई और वरुण चक्रवर्ती ने अपनी ही बॉलिंग पर बेहतरीन कैच पकड़ा। फाफ डु प्लेसीस का विकेट देख कमेंट्रेटर बोले - इतने गैप से तो ट्रक भी गुजर जाता। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स और उनका इम्पैक्ट आगे स्टोरी में हम जानेंगे। इम्पैक्ट- गुरबाज इस छ्रक्र के बाद नाबाद रहे और ढ्क्क में अपनी पहली फिफ्टी जड़ी। वह 44 बॉल में 57 रन बनाकर कर्ण शर्मा का शिकार बने। लेकिन वह अपनी टीम को शुरुआती झटकों से उबार चुके थे। पहली पारी में बेंगलुरु के 2 गेंदबाजों ने हैट्रिक चांस बनाए, यानी उन्होंने 2 बार लगातार गेंदों पर 2 विकेट लिए। पारी के चौथे ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर डेविड विली ने मनदीप सिंह और वेंकटेश अय्यर को बोल्ड किया, लेकिन वे अगली गेंद पर विकेट लेकर अपनी हैट्रिक नहीं ले सके। इसी पारी के 12वें ओवर में दूसरी और तीसरी बॉल पर लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने रहमानुल्लाह गुरबाज और आंद्रे रसेल को कैच आउट कराया। हालांकि, वे भी



अगली गेंद पर विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। कर्ण और विली दोनों ने 2-2 विकेट के साथ ही अपना स्पेल खत्म किया। इम्पैक्ट- विली के विकेट ने कोलकाता को पावरप्ले में बैकफुट पर धकेला। कर्ण ने सेट बैटर गुरबाज और विस्फोटक बैटर आंद्रे रसेल के विकेट लिए। दोनों ही अगर पिच पर रहते तो स्कोर 30-40 रन ज्यादा भी हो सकता था। चयक्र के बैटर रिंकू सिंह ने 19वें ओवर में हर्षल पटेल की गेंद पर 101 मीटर का छक्का मारा। ओवर की तीसरी बॉल हर्षल ने फुल टॉस फेंकी, रिंकू ने इस पर डीप मिड-विकेट की दिशा में 101 मीटर लंबा छक्का मार दिया। इस ओवर में उन्होंने एक-एक चौका और छक्का भी लगाया। हालांकि रिंकू इसी ओवर में 46 रन के निजी स्कोर पर हर्षल की बॉल पर आउट हुए, लेकिन आउट होने से पहले वह शार्दूल ठाकुर के साथ 103 रन की पार्टनरशिप कर चुके थे। बेंगलुरु के दो सबसे बेहतरीन बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ऑफ ब्रेक बॉल के झांसे में आ गए। विराट कोहली को सुनील नरेन और डुप्लेसिस को वरुण चक्रवर्ती ने एक जैसी ऑफ ब्रेक बॉल पर क्लीन बोल्ड कर दिया। गेंद और बल्ले के बीच फासले को देख कमेंट्रेटर बोले - इतने गैप से तो ट्रक भी गुजर जाता। दूसरी पारी में चयक्र के सुयश शर्मा ने बेंगलुरु के कर्ण शर्मा को फुलर लेंथ गेंद फेंकी। 15वें ओवर की इस बॉल पर कोलकाता ने खक्कु की अपील की। जिसे अंपायर ने नकार दिया। बॉलर ने खक्कु के लिए रिव्यू लिया। रिप्ले में दिखा कि बॉल बैटर के पैड की बजाय बैट से लगी थी। अंपायर ने रिप्ले में देखा कि बैट से लगने के बाद स्लिप में खड़े फील्डर नीतिश राणा ने बॉल को कैच कर लिया था। इस कारण कर्ण शर्मा कैच आउट हो गए। इम्पैक्ट- कर्ण शर्मा बेंगलुरु के 9वें विकेट के रूप में आउट हुए। उनके जाने के 3 ओवर बाद ही 18वें ओवर में टीम ऑलआउट हो गई। जिस कारण कोलकाता को 81 रन से जीत मिली। दूसरी पारी का 18वां ओवर कोलकाता के वरुण चक्रवर्ती फेंक रहे थे। ओवर की चौथी बॉल उन्होंने फुलर लेंथ फेंकी, बेंगलुरु के आकाश दीप ने बड़ा शॉट खेला। लेकिन बॉल शॉर्ट मिड-विकेट पर खड़ी हो गई। सर्कल में कोई फील्डर नहीं खड़ा था। ऐसे में वरुण खुद ही अपनी बॉलिंग पर कैच लेने पहुंचे गए। बॉलीवुड सुपरस्टार और किंग खान के नाम से फेमस कोलकाता टीम के मालिक शाहरुख खान मैच देखने के लिए ईडन गार्डन्स स्टेडियम पहुंचे।

सुयश ने पहले आई पी एल मैच में 3 विकेट लिए

# प्लेइंग-11 में नहीं थे, इम्पैक्ट प्लेयर बने; एक भी लिस्ट-ए या टी-20 मैच नहीं खेला था

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (ऋष्क) के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) के लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने डेब्यू मैच में तीन अहम विकेट लिए। सुयश का यह ड्रीम डेब्यू भी कहा जा सकता है। बेंगलुरु के खिलाफ कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर को बाहर भेज कर लेग स्पिनर सुयश शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया। बेंगलुरु के खिलाफ जीत में सुयश ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट झटके। पहला ओवर तो कुछ खास नहीं रहा, लेकिन अपने स्पेल के दूसरे ओवर में उन्होंने अनुज रावत और दिनेश कार्तिक को पवेलियन भेज दिया। फिर



तीसरे ओवर में कर्ण शर्मा को भी कैच आउट कराया। इस तरह उन्होंने तीन अहम विकेट लिए। सुयश शर्मा पहली बार ढ्क्क में खेल रहे हैं। उनकी उम्र 19 साल है। वह लेगब्रेक गेंदबाजी करते हैं, और दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। ढ्क्क 2023 के लिए हुए मिनी ऑक्शन में चयक्र ने इस इंडियन मिस्ट्री स्पिनर पर दांव लगाया था और उनके बेस प्राइज में 20 लाख में खरीदा था। सुयश दिल्ली के रहने वाले हैं और इससे पहले उन्होंने कोई लिस्ट ए, फर्स्ट क्लास या टी-20 मैच नहीं खेला था। यह उनका पहला कॉम्पिटिटिव क्रिकेट मैच था। वह दिल्ली की अंडर-25 टीम के लिए खेलते हैं। चयक्र के कप्तान नीतीश राणा ने कहा, प्री-टूर्नामेंट कैंप में सुयश से मिलने से पहले उन्होंने उनसे बातचीत भी नहीं की थी। वह हमेशा मस्ती के मूड में रहते हैं। उसने पहले ही मैच में बड़े खिलाड़ियों के सामने अच्छा प्रदर्शन किया। जरूरत पड़ने पर हमेशा उन्हें तीसरे स्पिनर के तौर पर आजमाया जाएगा। चयक्र की जीत के बाद हेड कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा, हमने उसे (सुयश) ट्रायल मैचों में देखा है। उनके पास अनुभव नहीं था, और उसे चुनना बहुत कठिन था, लेकिन उसने निराश नहीं किया और शानदार गेंदबाजी की। इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्क्क) में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 81 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ईडन गार्डन मैदान पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चयक्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। जवाब में ऋष्क 17.4 ओवर में 123 रन ही बना सकी। कोलकाता से पहली पारी में शार्दूल ठाकुर ने 29 बॉल पर 68 रन की गेम चेंजिंग पारी खेली।

कोलकाता ने बेंगलुरु को 81 रन से हराया

# शार्दूल ठाकुर की फिफ्टी ने पलटा गेम; वरुण को 4, सुयश को 3 विकेट

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्क्क) में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 81 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ईडन गार्डन्स मैदान पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चयक्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। जवाब में ऋष्क 17.4 ओवर में 123 रन ही बना सकी कोलकाता से पहली पारी में शार्दूल ठाकुर ने 29 बॉल पर 68 रन की गेम चेंजिंग पारी खेली। वहीं दूसरी पारी में वरुण चक्रवर्ती ने 4, सुयश शर्मा ने 3 और सुनील नरेन ने 2 विकेट लेकर ऋष्क को खुलकर खेलने ही नहीं दिया। पहली पारी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 89 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। तब बैटिंग पर आए शार्दूल ठाकुर ने 29 बॉल पर 68 रन बनाए। उन्होंने रिंकू सिंह के साथ 103 रन की पार्टनरशिप कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऋष्क ने 4 ओवर में 42 रन बना लिए थे। लेकिन यहां से वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन 17 रन देने में ही 5 बैटर्स को आउट कर दिया। अंत में सुयश शर्मा ने 3 विकेट लेकर ऋष्क को बैकफुट पर धकेल दिया। ऋष्क से कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। 44 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप के अलावा मैच में कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। टीम ने लगातार विकेट गंवाए और दूसरी पारी में कभी वापस ही नहीं आ सके। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता को रहमानुल्लाह गुरबाज ने तेज शुरुआत दिलाई। लेकिन चौथे ओवर में डेविड विली ने वेंकटेश अय्यर और मनदीप सिंह को बोल्ड कर कोलकाता की कमर तोड़ी। गुरबाज ने पावरप्ले के आखिरी ओवरों में बड़े शॉट्स लगाए और 6 ओवरों में टीम का स्कोर 47 तक पहुंचाया। चयक्र के मनदीप सिंह ढ्क्क में 15वीं बार शून्य पर बोल्ड हुए। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में वह पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। दिनेश कार्तिक और रोहित शर्मा 14-14 बार शून्य पर आउट होने के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।रहमानुल्लाह गुरबाज ने 38 बॉल में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। उन्होंने पावरप्ले में बड़े शॉट्स खेले। फिर शुरुआती विकेट गिरने के बाद पारी संभाली और अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 44 बॉल में 57 रन बनाकर कैच आउट हुए।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतर बल्लेबाजी करना चाहेगा दिल्ली कैपिटल्स

**गुवाहाटी।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैचों में हार का सामना करने वाले दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अगर जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में मार्क वुड और अलजारी जोसेफ जैसे गेंदबाजों ने पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे दिल्ली के बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया था। इन प्रतिभाशाली बल्लेबाजों का आत्मविश्वास अभी डिगा हुआ है और ऐसे में उनके लिए ट्रेंट बोल्ट, केएम आसिफ और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा राजस्थान के पास रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर है जो बारसपारा स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में





भी विरोधी टीम को परेशानी में डाल सकते हैं। आक्रामक सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का इस मैच में खेलना संदिग्ध है जो दिल्ली के लिए अच्छी खबर हो सकती है। बटलर पिछले मैच में कैच लेते समय चोटिल हो गए थे और उनके बाएं हाथ की छोटी उंगली में टांके लगे हैं। यदि बटलर नहीं खेल पाते हैं तो जो रूट हो उनके स्थान पर अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत की अनुपस्थिति के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी कागजों पर मजबूत नजर आती है लेकिन साव और सरफराज जैसे बल्लेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का सामना करने में परेशानी हो रही है। बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण दिल्ली को पहले दोनों मैच गंवाने पड़े। टीम का सबसे कमजोर पक्ष उसके पास अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों का अभाव है। यदि कोचिंग स्टाफ सरफराज की जगह किसी नए बल्लेबाज को रखना भी चाहेगा तो दिल्ली के पास यश धुल, रिपल पटेल और ललित यादव के रूप में ही विकल्प मौजूद है। इनमें से कोई भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जिसने 150 की स्ट्राइक रेट से लगातार रन बनाये हो। जहां तक राजस्थान रॉयल्स की बात है तो सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं और वह एनरिक नोर्किया, खलील अहमद और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

तेज गेंदबाज एलिस ने कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी की

# सेल्समैन की नौकरी तक करनी पड़ी थी, अब आईपीएल में प्लेयर ऑफ द मैच बने


**होबार्ट/मोहाली।** पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। एक समय मजदूर के रूप में काम करने वाले एलिस ने राजस्थान के 4 विकेट झटके। हालिया कुछ सालों में एलिस ने अपने प्रदर्शन की वजह से दुनिया की कई क्रिकेट लीग में नाम बनाया है। उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लीग बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस और इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट्स से खेलने का मौका भी मिला। हालांकि, उनका सफर इतना आसान नहीं रहा है। अपने सपने पूरे करने के लिए उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। वह लगातार अच्छा क्रिकेट खेलने के बावजूद 22 साल की



उम्र में ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यू साउथ वेल्स में जगह नहीं बना पा रहे थे। इसके बाद वे क्रिकेट से अपनी जीविका चलाने के लिए तस्मानिया में बस गए। उस समय उनके पास न तो कोई कॉन्ट्रैक्ट था न ही नौकरी। वो दिन-रात अपने आलोचकों को गलत साबित करने के लिए मेहनत करते रहे। हालांकि, खर्च चलाने के लिए उन्होंने एक से ज्यादा नौकरियां की। उन्होंने उस दौरान पांच नौकरियां करनी पड़ी। एलिस ने कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी की, लैंडस्केपिंग कर्मचारी के तौर पर काम किया। उन्होंने घर के फर्नीचर को हटाने वाले के रूप में काम किया, लेकिन एलिस के अनुसार उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी सेल्समैन के तौर पर हुई। वो घर-घर सामान बेचने जाया करते थे। वह बताते हैं, 'मैंने कई बोरिंग और खराब नौकरियां की हैं। लेकिन, सेल्समैन के रूप में लोगों के घर का दरवाजा पीटना सबसे बुरा था। मैं सबके घर सुबह जाता था। उस समय ज्यादातर वही लोग होते, जो बीमार हैं या जिनके बच्चे हैं। ऐसी स्थिति में लोग सुबह सुबह परेशान होकर मेरे चेहरे पर दरवाजा बंद कर दिया करते थे। मैं वो नौकरी ही दिन में आठ घंटे अपने चेहरे पर गेट बंद होने के लिए करता था।' वे बताते हैं कि मजदूर के रूप में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करना भी मुश्किल था। बॉलर के रूप में ट्रेनिंग करना और फिर मजदूरी करने से शरीर थक जाया करता था। वह कहते हैं कि उन्होंने मजदूरी का काम इसलिए चुना क्योंकि वो शाम से पहले खत्म हो जाया करती थी और उनके पास तस्मानिया के साथ ट्रेनिंग करने का बहुत समय हुआ करता था।

# सुयश सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज लेकिन उसकी अपनी विशिष्टता है : राणा

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा युवा सुयश शर्मा को रहस्यमयी स्पिनर नहीं मानते और उन्होंने कहा कि वह सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है जिनकी अपनी विशिष्टता है। दिल्ली के अंडर 25 स्पिनर सुयश ने अभी तक केवल आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने गुरुवार को सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर केकेआर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आसान जीत दिलाई थी। राणा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,सुयश रहस्यमयी स्पिनर नहीं है। वह सामान्य लेग स्पिनर है लेकिन उसकी अपनी विशिष्टता है क्योंकि उसका एक्शन परंपरागत है और उसकी गेंद को समझना बहुत मुश्किल होता है। सुयश को वेंकटेश अय्यर की जगह इंपैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया



गया था। उन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे केकेआर ने आरसीबी को 205 रन के लक्ष्य के सामने 17.4 ओवर में 123 रन पर आउट कर दिया था। राणा ने कहा, हवा में उसकी गति अधिक होती है। अगर उसके खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए थोड़ा भी संदेह हुआ तो आप शत प्रतिशत परेशानी में पड़ जाएंगे। मैच दर मैच उसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा, मैं जानता था कि सुयश अच्छा प्रदर्शन करेगा लेकिन मैं पावर प्ले में सुनील और फिर वरुण को गेंदबाजी देना चाहता था और इन दोनों ने हमें सफलता भी दिलाई। बीच के ओवरों में विकेट लेना महत्वपूर्ण था। राणा ने कहा, वरुण की वापसी हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वह पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था लेकिन इस बार अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। राणा ने शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की जिन्होंने सातवें नंबर पर उतर कर 29 गेंदों में 68 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कहा, मुझे शुरु से ही उसके बल्लेबाजी कौशल पर विश्वास था लेकिन उन्होंने जिस तरह से शॉट खेले वह मेरी उम्मीद से भी बेहतर है। अगर आपका ऑलराउंडर इस तरह से बल्लेबाजी करता है और अपने दम पर मैच का पासा पलट देता है तो फिर किसी कप्तान को और क्या चाहिए।

# फीफा रैंकिंग में भारत को फायदा:5 स्थान ऊपर चढ़कर 101 पर पहुंचा, वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना छह साल के बाद टॉप पर

वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना छह साल के बाद पहली बार गुरुवार को फीफा वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने में कामयाब हो गया है। वहीं भारत पांच पायदान ऊपर चढ़कर 101वें स्थान पर पहुंच गया है। अर्जेंटीना ने पिछले महीने दो फ्रेंडली मैचों में जीत दर्ज की थी जिससे वह ब्राजील को पछाड़कर पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रहा। ब्राजील को मोरक्को से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। पिछले महीने पनामा (2-0) और कुराकाओ (7-0) के खिलाफ जीत ने अर्जेंटीना को ब्राजील से आगे निकलने में मदद की। ब्राजील को मोरक्को के खिलाफ 1-2 की हार का नुकसान उठाना पड़ा और वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। यह इस साल का पहला रैंकिंग चार्ट है। पिछला 22 दिसंबर को आया था, जिसमें वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भी अर्जेंटीना टॉप पर नहीं पहुंच पाया



था। वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में अर्जेंटीना से हारने वाला फ्रांस एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफायर्स के लगातार मैचों में नीदरलैंड और आयरलैंड को हराया था। बेल्जियम पहले की तरह चौथे जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम पिछले महीने ट्राई नेशंस सीरीज में म्यांमार और किर्गिस्तान पर जीत के दम पर फीफा रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 101वें स्थान पर पहुंच गई है। पिछले महीने भारत ने इंफाल में खेले गए टूर्नामेंट में म्यांमार को 1-0 और किर्गिस्तान को 2-0 से हराया था। इस जीत से भारत को 8.57 रेटिंग अंक और पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत अब न्यूजीलैंड से एक स्थान नीचे और केन्या से एक स्थान ऊपर है। 1200.66 कुल अंकों के साथ इगोर स्टिमक की कोचिंग वाली टीम 46 एशियाई देशों में 19वें स्थान पर है। भारत की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 94वीं थी, जो 1996 में मिला था। एशियाई देशों में जापान शीर्ष क्रम की टीम है।

# फिल्म टाइगर वर्सेज पठान में सलमान खान और शाहरुख खान की एंट्री

## सिद्धार्थ आनंद करेंगे निर्देशन

शाहरुख खान और सलमान खान के प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी है। दरअसल, दोनों के अभिनय से सजी फिल्म टाइगर वर्सेज पठान का ऐलान हो गया है और निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान का निर्देशन किया। शाहरुख की पठान में सलमान की मेहमान भूमिका ने लोगों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर दिया था। अब पूरी फिल्म में दोनों साथ नजर आएंगे, जो प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, टाइगर वर्सेज पठान का निर्देशन करेंगे सिद्धार्थ आनंद। जनवरी, 2024 से फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। इसका निर्माण यशराज बैनर तले किया जाएगा। तरण के इस पोस्ट से सलमान-शाहरुख के प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। एक फैन ने लिखा, अब तो 3,000 करोड़ रुपये की कमाई पक्की है। एक ने लिखा, बस ले आइए। एक




अन्य प्रशंसक ने लिखा, अब पर्दे पर लगेगी आग। पठान में सलमान-शाहरुख की दोस्ती देखने को मिली थी, लेकिन टाइगर वर्सेज पठान में उनके बीच दुश्मनी देखने को मिलेगी। अब इन दोनों जिगरी यारों में तकरार होने वाली है और उन्हें आपस में भिड़ते देखना बेहद दिलचस्प होगा। यशराज ने अपना स्पाई यूनिवर्स शुरू किया है, जिसकी पहली फिल्म एक था टाइगर, दूसरी टाइगर जिंदा है, तीसरी वॉर तो चौथी पठान थी। इस यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म टाइगर 3, छठी वॉर 2 तो सातवीं फिल्म टाइगर वर्सेज पठान होगी। यशराज प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही सलमान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म टाइगर 3 में शाहरुख का कैमियो होने वाला है। हालांकि, दोनों एक-दूसरे की फिल्मों में पहले भी मेहमान भूमिका निभा चुके हैं। शाहरुख की फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान ने कैमियो किया था तो सलमान की हर दिल जो प्यार करेगा में शाहरुख ने कैमियो किया था। शाहरुख की फिल्म ओम शांति ओम में सलमान तो सलमान की ट्यूबलाइट में शाहरुख ने कैमियो किया था। सलमान और शाहरुख ने पहली बार 1995 में राकेश रोशन के निर्देशन में बनी फिल्म करण अर्जुन में काम किया था। फिल्म में दोनों भाई बने थे। सलमान ने करण तो शाहरुख ने इसमें अर्जुन की भूमिका निभाई थी। 6 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 43 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद दोनों को फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में साथ देखा गया था और यह भी हिट रही थी।




# नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई फिल्म चोर निकल के भागा

## आरआरआर को भी पछाड़ा

यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भागा रिलीज होने के बाद से लगातार सुर्खियों में है। फिल्म को समीक्षकों से खूब प्यार मिला था और अब नेटफ्लिक्स पर भी इसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। दिलचस्पप बात यह है कि ये फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर पहले 2 हफ्ते में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है और इस मामले में इसने आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्वीट किया, चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स पर छाई हुई है। रिलीज के 2 हफ्तों में यह दुनियाभर में इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इसे 2 करोड़ 90 लाख घंटे की व्यूअरशिप मिली है। दूसरी तरफ पहले 2 हफ्तों में आरआरआर को 2 करोड़ 55 लाख घंटे के आसपास देखा गया था, वहीं गंगूबाई काठियावाड़ी की व्यूअरशिप 2 करोड़ 21 लाख घंटे थी। पिछले साल आरआरआर के हिंदी वर्जन और गंगूबाई काठियावाड़ी को नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखा गया था। तीसरे नंबर पर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरआरआर को कुल 7 करोड़ 30 लाख घंटे, गंगूबाई काठियावाड़ी को 5 करोड़ घंटे और भूल भुलैया 2 को 2 करोड़ 10 लाख घंटों की व्यूअरशिप मिली थी। ये तब था, जब तीनों ही फिल्में ओटीटी पर आने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी थीं। चोर निकल के भागा 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर आई थी। इसमें यामी और सनी के अलावा अभिनेता शरद केलकर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। अजय सिंह इसके निर्देशक हैं। फिल्म की कहानी नेहा नाम की महिला की है, जो एक फ्लाइट अटेंडेंट है और अपने बॉयफ्रेंड का करोड़ों रुपये का कर्ज चुकाने के लिए उसके साथ मिलकर जमीन से कई हजार फीट ऊपर उड़ रहे एक प्लेन में हीरों की चोरी को अंजाम देने की तैयारी करती है। यामी ने फिल्म में खूब तारीफ बटोरी। पिछली बार फिल्म लॉस्ट में भी उन्होंने अपनी अदाकारी से खूब वाहवाही लूटी थी और इसी के साथ अब उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी सीट पक्की कर दी है। डर, चिंता, बेबसी, गुस्सा हर भाव को उन्होंने बखूबी अपने चेहरे पर उतारा। फिल्म की कहानी के केंद्र में यामी ही थीं और उन्होंने शुरू से लेकर अंत तक दर्शकों को खुद से बांधे रखा। उनकी मौजूदगी ने फिल्म में चार चांद लगा दिए।

# राधिका आप्टे की मिसेज अंडरकवर का ट्रेलर जारी

## इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी फिल्म




बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका आप्टे आजकल अपनी आगामी फिल्म मिसेज अंडरकवर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। दर्शक बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने गुरुवार को मिसेज अंडरकवर का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें राधिका का एकदम अलग अवतार देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में राधिका धांसू एक्शन करती दिख रही हैं। मिसेज अंडरकवर में सुमीत व्यास और राजेश शर्मा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेत्री राधिका आप्टे ने कहा कि मेरे लिए मिसेज अंडरकवर कई कारणों से खास है। जासूसी कॉमेडी भारत में न केवल एक अज्ञात रचना है, बल्कि इस फिल्म की पहली कहानी में ही मुझे अपने किरदार से प्यार हो गया। दुर्गा मजाकिया, दयालु, ईमानदार हैं, वह अनाड़ी भी हैं और खुद को लेकर अनिश्चित भी हैं और यह फिल्म उनकी खुद की ताकत की खोज की यात्रा है।राधिका ने कहा कि हर महिला अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र दुर्गा से संबंधित होगी, क्योंकि यह हर गृहिणी (हाउस वाइफ) की कहानी है जो परिवार के लिए अपने करियर के सपनों को छोड़ देती है। राधिका ने कहा कि हर घर में एक दुर्गा होती है, एक महिला जो चुपचाप अपना काम करती है और उसे उसका हक नहीं मिलता है क्योंकि उसे सिर्फ एक गृहिणी माना जाता है। यह फिल्म उस मानसिकता से लड़ती है जो हमारे पितृसत्तात्मक समाज में व्याप्त है, और इसे हास्य की आड़ में खूबसूरती से किया गया है। निर्देशक अनुश्री मेहता द्वारा निर्देशित और लिखित, मिसेज अंडरकवर में राधिका आप्टे मुख्य भूमिका में हैं।

# कावेरी प्रियम ने किया खुलासा

अभिनेत्री कावेरी प्रियम को शो ये रिश्ते हैं प्यार के में एक नकारात्मक किरदार निभाने के लिए काफी सराहना मिली है और वर्तमान में वह दिल दियां गल्लां में मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।उन्होंने साझा किया कि किस तरह फैमिली ड्रामा में अमृता का किरदार निभाने के बाद उन्हें अपने जीवन में रिश्तों के महत्व का एहसास होने लगा है।उन्होंने कहा, मुझे अमृता का किरदार निभाए हुए काफी समय हो गया है और मुझे कहना होगा कि जिस तरह से शो ने जीवन की जटिलताओं को चित्रित किया है और दिखाया है कि गलत संचार के कारण मनुष्य कैसे दूर हो जाते हैं, वह सराहनीय है। मुझे लगता है कि दिल दियां गल्लां के साथ, मैं अपने माता-पिता की भावनाओं के बारे में अधिक जागरूक हो गई हूं।अभिनेत्री ने आगे बताया कि कैसे वह अपने पेशेवर और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाती हैं और अपने परिवार के लिए समय निकालती हैं।उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को संतुलित करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप अपने करीबी लोगों के साथ संवाद करते हैं तो गलतफहमी के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। इस तरह के व्यस्त कार्यक्रम के साथ, मुझे आमतौर पर मेरे माता-पिता के साथ बात करने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन मैं अपने ब्रेक के दौरान उनसे बात करने की कोशिश करती हूं ताकि उन्हें भी मेरे दिन के बारे में पता चल सके।



# तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक का टीजर जारी

राजामौली की 2005 की तेलुगू ब्लॉकबस्टर छत्रपति' की आधिकारिक हिंदी रीमेक, जो तेलुगू अदाकार श्रीनिवास बेलमकोंडा की पहली बॉलीवुड शुरूआत भी है, 12 मई को अखिल भारतीय रिलीज के लिए तैयार है. छत्रपति' का एक्शन से भरपूर टीजर, जिसे जारी किया गया था, बेलमकोंडा द्वारा प्रमुख चरित्र का परिचय दिया गया.बेलमकोंडा ने कहा, मैं छत्रपति' जैसी विशेष फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने को लेकर खुश हूं, जो एक रोमांचक और सुन्दर सामूहिक एक्शन फिल्म है. इस फिल्म पर काम करने का हर पल उतना ही रोमांचक था जितना कि यह चुनौतीपूर्ण था और आखिरकार हम खुश हैं इसे हिंदुस्तान भर के दर्शकों के सामने पेश करें.यह फिल्म एसएस राजामौली की तेलुगू ब्लॉकबस्टर छत्रपति' की आधिकारिक हिंदी रीमेक है और इसे उनके पिता और अनुभवी लेखक वी। विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है, जिन्हें आरआरआर', बाहुबली' सीरीज और आरआरआर' जैसी फिल्मों में उनके गौरतलब काम के लिए जाना जाता है.पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गाडा द्वारा निर्मित और विनायक द्वारा निर्देशित बड़े-टिकट, बड़े-कैनवस एक्शन एंटरटेनर का निर्माण किया जा रहा है.एस।एस। राजामौली की छत्रपति' अखिल भारतीय दर्शकों के लिए फिर से कल्पना करने के लिए एक आदर्श परियोजना थी. बहुत प्रतिभाशाली श्रीनिवास बेलमकोंडा को पूरी तरह से नए बाजार में पेश करने के अलावा, फिल्म में मुख्यधारा के मनोरंजन के सभी आवश्यक घटक भी हैं.छत्रपति' एक ऐसे आदमी की कहानी बतलाता है, जो बड़े पैमाने पर उत्पीडन् के अधीन प्रवासियों के रक्षक बनने के लिए उत्पीडन् के विरूद्ध उठता है




# नानी की दसरा का जलवा कायम, दुनिया भर में कमाए 100 करोड़ रुपये

रामनवमी के अवसर पर रिलीज हुई सुपरस्टार नानी की पैन इंडिया फिल्म दसरा सिनेमाघरों में तहलका मचा रही है। मौजूदा वक्त में नानी सातवें आसमान पर हैं क्योंकि उनकी फिल्म दसरा ने दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। हालांकि, 68 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बुधवार को सिर्फ भारत में 2.09 करोड़ रुपये कमाए हैं। अब फिल्म का भारत में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 66.64 करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दसरा 68 करोड़ के बजट में बनीं है, वहीं फिल्म ने रिलीज के 7 दिनों के भीतर 66 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है यानी फिल्म कुछ दिनों में भारत में अपनी लागत निकालने में कामयाब हो जाएगी। इस फिल्म को आप हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में देख सकते हैं। दसरा श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनी पीरियड एक्शन ड्रामा है। इसमें नानी, कीर्ति सुरेश और दीक्षित शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म ने न केवल घरेलू बाजार में बल्कि विदेशी बाजारों में भी अपनी छाप छोड़ी है, खासकर अमेरिका में जहां यह 2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने के करीब है। हाल ही में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए दशहरा कड़ी टक्कर भी साबित हुआ है।दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नानी ने ट्वीट किया- हमारा प्रयास, आपका उपहार।फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए करीमनगर में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निर्देशक को एक बीएमडब्ल्यू कार मिली और टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 ग्राम सोने का सिक्का उपहार में दिया गया।

# मलाइका अरोड़ा का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज, गुरु रंधावा संग आई नजर

मलाइका अरोड़ा पिछले लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन वह म्यूजिक वीडियो के जरिए प्रशंसकों को बीच चर्चा में रहती हैं। अब मलाइका का नया गाना तेरा की ख्याल रिलीज हो गया है, जिसमें वह गुरु रंधावा संग नजर आ रही हैं। रंधावा ने इस गाने को अपनी आवाज दी है और रॉयल मान के साथ मिलकर इसके लिरिक्स लिखे हैं। गाने का म्यूजिक संजय ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्देशन बोस्को लेस्ली मार्टिस ने किया है। तेरा की ख्याल में मलाइका और रंधावा को जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।मलाइका अपने सिजलिंग लुक और डांस मूव्स से सभी का ध्यान खींचती




हैं, पंजाबी गायक अपनी सुरीली आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वीडियो में मलाइका अरोड़ा और गुरु रंधावा को एक-दूसरे के साथ रोमांस करते और साथ में बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं. वीडियो ने फैन्स के बीच काफी एक्साइटमेंट क्रिएट कर दी है.गौरतलब है कि मलाइका अभिनय से कहीं ज्यादा अपने डांस स्टाइल को लेकर जानी जाती हैं। उन्होंने छैय्या छैय्या, गुड़ नाल इश्क मिठा, माही वे, मुन्नी बदनाम हुई, पांडे जी सीटी जैसे गानों में जबरदस्त डांस किया है। इसके अलावा आजकल मलाइका मूविंग इन विद मलाइका को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़े कई राज खोले हैं।

# थाना ठाटीपुर व मुरार पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

## थाना ठाटीपुर पुलिस ने फर्जी सीएससी आईडी बनाने के नाम पर ठगी करने वाले 05 लोगों को हिरासत में लिया

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। पुलिस ओक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा जिले से समस्त थाना प्रभारियों को ठगी की बारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। विगत दिनों फरियादी मनोज कुशवाह निवासी ए0बी0 रोड़ बहोड़ापुर द्वारा थाना ठाटीपुर में सीएससी आईडी बनाने के नाम पर ठगी करने की लिखित शिकायत की गई। उक्त शिकायत से थाना ठाटीपुर पुलिस द्वारा अति0 पुलिस ओक्षक शहर पूर्व/अपराध राजेश डण्डोतिया को उक्त प्रकरण के संबंध में जानकारी दी गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अति0 पुलिस ओक्षक शहर पूर्व/अपराध द्वारा थाना ठाटीपुर एवं थाना मुरार पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त प्रकरण में वांछित आरोपियों की तस्दीक कर पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस ओक्षक मुरार श्री विनायक शुक्ला के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 विनय शर्मा द्वारा शिकायत में आये तथ्यों के आधार पर उक्त ठगी की बारदात को अंजाम देने वाले ठग व कंपनी के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण पंजीबद्ध कर उनकी तलाश हेतु थाना ठाटीपुर व थाना मुरार पुलिस बल की संयुक्त टीम को लगाया गया। दौराने जांच थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी. विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फरियादी के बताये अनुसार कोडेक्स कंपनी के मयूर मार्केट स्थित हॉल नं0 एम-09 प्रथम तल पर पहुंचकर कंपनी के मैनेजर व वहां काम कर रहे दो पुरूष व दो महिला कर्मचारियों को पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये कर्मचारियों से



पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि उक्त कंपनी का मुख्यालय मोदी नगर, गाजियाबाद में स्थित है कंपनी का मालिक आईथन टॉवर, सेक्टर-62, नोयडा में निवास करता है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर से कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 08 मोबाइल, 02 लेपटॉप को जप्त किया गया। कंपनी के मैनेजर से पूछताछ करने पर उसके द्वारा देश के कई राज्यों के लोगों को सीएससी आईडी के नाम पर ठगी का शिकार बनाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त सभी आरोपियों को थाना ठाटीपुर के अपराध क्रमांक 186/23 धारा 420,406 भादवि में पकड़ा जाकर उनसे प्रकरण के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों फरियादी मनोज कुशवाह निवासी ए0बी0 रोड़ बहोड़ापुर ने थाना ठाटीपुर आकर एक लिखित शिकायत की गई। कि कुछ दिनों पूर्व फरियादी के मोबाइल पर सीएससी आईडी बनवाने के लिये कोडेक्स कंपनी से कॉल आया जिसमें कंपनी के कर्मचारी द्वारा आईडी के रजिस्ट्रेशन हेतु 3500 पये की मांग की गई। इसके उपरांत कभी ट्रेनिंग के नाम पर व कभी अन्य चार्जेस के नाम पर मुसे पैसे मांगे जो मेरे द्वारा भेज दिये गये थे। इस प्रकार मेरे द्वारा कुल 51000/- रुपये उक्त व्यक्तियो को यूपीआई के माध्यम से भेजे गये। उक्त व्यक्तियो द्वारा मेरी कोई आईडी नही बनाई गई वल्कि उनके द्वारा मुसे और पैसो की माँग की गई। मु गडबडी लगने पर मेरे द्वारा थाना ठाटीपुर में उक्त कंपनी के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई गई।

**सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्यवाही करने में थाना प्रभारी ठाटीपुर निरीक्षक विनय शर्मा, थाना ठाटीपुर टीम- उनि0 अशोक कुशवाह, प्रआर0 शिवशांक पाण्डेय, बेताल सिंह, आर0 यतेन्द्र राणा, रंजीत गुर्जर, आकाश तोमर, जयहिंद जादौन, थाना मुरार टीम- उनि0 कमल किशोर पाराशर आर0 दिनेश राजावत, योगेन्द्र गुर्जर, योगेन्द्र सिकरवार, नीरज यादव, राजू मोंगिया, पंकज तोमर एवं सायबर क्राईम सेल के उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

## अंग्रेज सरकार के छुकछुकिया गाड़ी को राजिम से एक कदम नहीं बड़ा पाए प्रजातंत्र के प्रहरियों ने

## 21 वीं सदी में रेलगाड़ी नहीं देख पायेंगे गरियाबंद मैनपुर, देवभोग की जनता- मुरलीधर सिन्हा


**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद-भाजपा जिला गरियाबंद के दिग्गज नेता और पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि आजादी के 75 साल अमृत महोत्सव भारत देश मना रहा है और भारत विकसित राष्ट्र बनने की प्रगति के पथ पर है भारत के वैज्ञानिक और विज्ञान ने चन्द्रमा, मंगल और बुध तक जाने की सौपान गड़ लिया लेकिन हमारे महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की धरती खासकर राजिम और बिन्द्रानवागड़ विधानसभा की जनता अपने बेहाली पर आज भी आँसू बहा रही है ड़ इस क्षेत्र के नुमाईंदों ने 1952 से दिल्ली की सदन में अपना डंका बजाया किन्तु क्षेत्र की डंका कभी नहीं बजी ड़ अमीर धरती के गरीब लोगों की कभी सुधी नहीं ली गई ड़ हमारे नुमाइंदों ने पद, प्रतिष्ठा और पैसा खूब कमाया । जनता को फटेहाल और तंगेहाल में छोड़ दिये । श्री सिन्हा ने बताया कि अंग्रेजी हकूमत में रायपुर से राजिम और रायपुर से धमतरी सिहावा तक छोटी रेल लाइन पर छुकछुकिया गाड़ी चलती थी, वनाच्छादित क्षेत्र में साल पेड़ के जंगल होने के कारण रेल स्लीपर परिवहन होता था और यात्रा का भी लाभ मिलता रहा है किन्तु देश को अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति मिली किन्तु नेताओं की गुलामी से मुक्ति नहीं मिली ड़ यह बताना लाजिमी होगा कि इस महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र से बड़े-बड़े राज नेताओं ने प्रतिनिधित्व किये जिसमें विद्याचरण शुक्ल, श्यामाचरण शुक्ल, पुरूषोत्तम कौशिक, पवन दीवान, अजीत जोगी, चन्द्रशेखर साहू जैसे महान और दिग्गजों के नाम अग्रणी पँक्ति में नाम है । शुक्ल बंधुओं का अभेद्य गड़ रहा है । विद्याचरण शुक्ल जी केन्द्र सरकार में लम्बे समय तक मन्त्री रहे तो श्यामाचरण शुक्ल जी सांसद के आलावा मध्यप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे फिरभी ये शुक्ल बन्धुओं ने क्षेत्र की जनता को एक उद्योग या कल कारखाने नहीं दे पाये ड़ क्या दिए सिर्फ बेबसी, लाचारी और गरीबी जिसे आज भी राजिम और बिन्द्रानवागड़ विधानसभा की जनता ढोह रही है ड़ उच्च शिक्षा की बात छोड़ दिजिये क्योंकि श्यामचरण शुक्ल जी तो मंच में अपने भाषण में बोलते थे कि कॉलेज खोलने से पड़ लिखकर बच्चे गुण्डे बन जाते हैं ड़ ऐसा वक्तब्य होता था जिसके कारण अपने इस वक्तब्य से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का शुक्ल जी को कोपभाजन बनना पड़ता था, किन्तु कहते हैं समरथ को नहीं दोष गोसाई शब्द चरितार्थ होता है। राजिम एवं बिन्द्रानवागड़ विधानसभा क्षेत्र स्वर्ग से सुन्दर इलाका है । राजिम धार्मिक व पुण्य की भूमि त्रिवेणी संगम है तो बिन्द्रानवागड़ में जल सम्पदा, वन सम्पदा खनिज संपदा की प्रचुरता है जो विश्व पटल में नाम है । क्षेत्र के लोगों का जीविकोपार्जन का मुख्य साधन खेती एवं वनोपज संग्रहण से होता है । खेती आज भी परम्परागत है और प्रकृति भरोसे पर है । अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि का भी मार किसानों को सहना पड़ता है । 70 प्रतिशत भगवान भरोसे वर्षा के जल पर निर्भर हैं जिसमें वैज्ञानिक पध्दति का कोई लाभ नहीं है ड़ किसान आज भी आलू के फसल में ऊपर टमाटर फले और नीचे आलू कंद जमे जिससे दो फसल का लाभ मिले ऐसे तकनीक का किसान बाट जोह रहा है । पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे राज्यों के विकसित किसान बनाने का कभी प्रयास नहीं किया गया ड़ जबकि किसानों में वे सारे विकसित श्रम मौजूद है। आज भी ऐसे निकम्मे जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रवासियों ने उम्मीद बनाये हुये हैं। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने आगे कहा कि हालांकि पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने रायपुर से राजिम और रायपुर से धमतरी के छोटी रेललाईन (नैरोगेज) को बड़ी रेललाईन (ब्रॉडगेज) कराने में सफल हो गए और बड़ी रेलपांत बिछाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । जब मैंने पूर्व सांसद श्री साहू जी को राजिम से देवभोग होकर भवानीपटना उड़ीसा तक रेल लाइन जोड़ने के सम्बंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में रेल सुविधा कराने मांग किया था जिसका सर्वेक्षण करने के बाद बताया गया कि इस क्षेत्र में रेल चलाने से रेल्वे को कोई लाभ नहीं है अर्थात पर्याप्त राजस्व नहीं मिलेंगे यह उत्तर रेल विभाग ने बताया था । अब प्रश्न उठता है कि जनता को सुविधा देने में लाभ ही क्यों दिखाई देता है ड़ यह बताना लाजिमी होगा कि उड़ीसा के भवनीपटना (कालाहण्डी) जिला भूखमरी क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, मुझे बाल्यकाल में जानकारी मिली थी एक महिला ने पेट की क्षुधा शान्त करने अपने बच्चे को बेच दी थी ऐसे जिले में रेल्वे को क्या राजस्व मिलता होगा जहाँ बड़ी रेललाईन हो गया है, वहाँ की राजनीतिक जागरूकता के चलते जनप्रतिनिधियों ने भवानीपटना रेल्वे स्टेशन को विस्तार करके जूनागड़ जो देवभोग से महज 25 किमी दूर है ऐसे जनप्रतिनिधियों की दृड़ इच्छाशक्ति हो तो असंभव भी सम्भव हो सकते है, किन्तु ऐसा लगता है कि हमारे विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को इस क्षेत्र की जनता से कोई सरोकार नहीं है । अभी छत्तीसगड़ से भाजपा के विधायक, सांसद एवं उच्च शीर्ष नेता दिल्ली में प्रधानमंत्री एवं अन्य केंद्रीय मन्त्रियों से मिलने गए हैं तो हमारे बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देनी चाहिए । भाजपा नेता श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि रेल सुविधा के अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक योजनाओं पर वन आपत्ति लगे हैं ऐसे प्रकरणों को हमारे विधायक, सांसद एक प्रतिनिधि मंडल ले जाकर प्रधानमंत्री एवं अन्य केन्द्रीय मन्त्रियों से बात करनी चाहिये । क्या हम आन्दोलन, धरना प्रदर्शन करेंगे तभी हमारी बातों को सुनेंगे ड़ श्री सिन्हा ने कहा कि 21 वीं सदी में भी राजिम, गरियाबंद, मैनपुर एवं देवभोग की जनता रेलगाड़ी नहीं देख पायेंगे।

# डाक्टर बीएम दिनकर चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में निशुल्क इलाज की ओपीडी का होगा 9 अप्रैल को शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद नगर के ऐंचाया रोड पर






डॉ बीएम दिनकर चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ 9 अप्रैल को दोपहर में किया जाएगा जिसमें सभी तरह की व्यवस्थाएं निशुल्क रहेंगी सभी जांच निशुल्क होंगी जो बड़े-बड़े महानगरों में आईसीयू ऑक्सीजन बेड चार्ज आदि के नाम पर लूट खसोट होती है उससे निजात मिलेगी और ऐचाया रोड पर इस हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं क्षेत्र के नागरिकों को निशुल्क रूप से मिलेंगी जानकारी देते हुए डॉ धर्मवीर दिनकर ने बताया कि गोहद विधानसभा क्षेत्र के कई गरीब असहाय ऐसे मजदूर एवं बीमारियों से ग्रस्त कई ऐसे परिवार हैं जो ग्वालियर जैसे महानगर में इलाज नहीं करा पाते साथ ही जहां भी अस्पतालों में जाते हैं वहां अपने मरीजों का इलाज कर्जा निकाल कर करवाते हैं ऐसी परिस्थिति में गोहद विधानसभा क्षेत्र में यह अस्पताल सभी लोगों के लिए सुविधाजनक रहेगा जिसमें ग्वालियर में लगने वाले पलंग सरचार्ज आईसीयू ऑक्सीजन ईसीजी आदि की जांचें गोहद में मुफ्त में ही की जाएगी।

## सेजस छुरा में 10 अप्रैल से किए जा सकेंगे नए सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद छुरा । स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नए सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश हेतु आनलाइन एवं आफलाइन आवेदन 10 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो रही है। ज्ञात हो कि लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा 5 अप्रैल को जारी आदेशानुसार प्रदेश भर के आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होनी है इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा में भी प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कक्षा पहली में प्रवेश हेतु आवेदक को 31 मई 2023 की स्थिती में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के आयु वर्ग में आना चाहिए। अतः उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 10 अप्रैल से 5 मई तक आनलाइन/ऑफलाइन दोनो प्रकार से आवेदन कर सकते हैं।प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी हेतु इच्छुक छात्र एवम पालकगण कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है।




# लग्जरी कार में हाईटेक तरीके से ऑनलाईन आईपीएल सट्टा खिला रहे आरोपियों पर मालनपुर पुलिस की कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन मे वर्तमान चल रहे ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट मैच सट्टा की धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य मे अनुविभागीय अधिकारी गोहद श्री शौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र थाना मालनपुर के अन्तर्गत दिनांक 07.04.23 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 07.04.23 को समय शाम 07.30 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक आईपीएल क्रिकेट मैच लखनउ एवं हैदराबाद का चल रहा है जिसमे आईपीएल सट्टा तीन व्यक्ति एक काले रंग की स्कॉपियों बिना नम्बर की गाडी मे तिलोरी तिराहे के पास खड़े होकर आईपीएल क्रिकेट का सट्टा ले रहे है। मुखबिर की सूचना पर से तस्दीक हेतु थाना प्रभारी मालनपुर एवं सायवर सेल टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते मुखबिर की सूचना पर से बताये गये स्थान तिलोरी तिराहे पर जाकर देखा तो वहाँ एक काले रंग की स्कॉपियों गाडी खड़ी मिली. जिसमें देखा तीन व्यक्ति गाडी के अन्दर बैठकर मोबाईल चला रहे थे जिन्हें घेराबन्दी कर पकडा गया। उक्त तीनों व्यक्ति अपने मोबाईलों में की साईट खुली मिली उक्त सभी आईडी पर लखनउ व हैदराबाद का मैच चल रहा था उक्त सम्बन्ध में तीनों व्यक्तियों से साईट के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अब फोन के माध्यम से बुकिंग लेने का सिस्टम बन्द हो गया है हम लोग हाईटेक तरीके से मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलवाते है जिसके लिये उनके एक अन्य साथी द्वारा उन्हें एजेन्ट आईडी व सुपर आईडी बनाकर दी जाती है जिसकी लिमिट भी उनके उसी साथी द्वारा तय की जाती है इसके बाद हम लोग सट्टा खेलने वालों को आईडी पासवर्ड बनाकर देते है जिसके माध्यम से वे ऑनलाईन मैच पर सट्टा लगा सकते है। जिसके लिये खेलने वालो के द्वारा अपनी आईडी रिचार्ज करावायी जाती है जो पैसे हम सीधे अपने बैंक खाते मे ऑनलाईन के माध्यम से डलवा लेते है। उक्त खेलने वालों की आईडी पर जब कॉईन (रुपये) खत्म हो जाते हैं तो उन्हें पुनः रिचार्ज करवाना पडता है जो एजेन्ट व सुपर आईडी के माध्यम से ही होता है।

उक्त व्यक्तियों द्वारा पूछताछ की गयी तो बताया गया कि पुलिस से बचने के लिये हम लोग आईपीएल मैच शुरु होते ही अपने घरों से निकलकर गाडी मे चलते हुये या फिर अन्य जिलों इटावा, मैनपुरी, ग्वालियर मुरैना में होटलों एवं किराये के कमरों में आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिलवाते है। उक्त सम्बन्ध में सभी आरोपियों का कृत्य धारा 4 (क) पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट 109.34 भादवि के तहत थाना मालनपुर मे अपराध क0 63 / 23 कायम कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना मालनपुर निरीक्षक जितेन्द्र मावई, सायबर सैल उ0नि0 दीपेन्द्र यादव, उ0नि0 शिवप्रताप सिंह राजावत, स0उ0नि0 सत्यवीर सिंह, सउनि जर्नादन सिंह, सउनि नारायण सिंह, प्रआर0 प्रमोद पाराशर, प्रआर0 महेश कुमार, प्रआर0 सतेन्द्र यादव, प्रआर0141 गोविन्द शर्मा प्रआर0 823 कमल माहौर, प्रआर0 835 राजेश सिंह, प्रआर0 1046 राघवेन्द्र सिंह, आर 281 आनन्द दीक्षित, आर 637 राहुल यादव, आर0 153 यतेन्द्र सिंह राजावत, आर0 684 पंकज तोमर, आर0 113 रामसहाय गुर्जर, आर0 69 हरपाल चौहान, सैनिक 34 रविपाल की महत्वपूर्ण

## माता जगतजननी राजराजेश्वरी देवी जी के जन्मदिवस पर पौधे रोपित किए गए

**पुष्पांजलि टुडे, मुन्ना खान की खबर**



वायुमंडल में अधिक प्रदूषण होने के कारण ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगी है जिससे भयंकर बीमारियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है, हमे अधिक पेड़ पौधों की जरूरत है जिससे कि कार्बन डाइऑक्साइड ऑक्सीजन मे रूपांतरित हो सके इसलिए हमे अधिक से अधिक पौधे रोपित कर इस संसार को वायु प्रदूषण से रोका जा सकता है,उक्त विचार मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम लोधीपुरा खरगोन में महात्मा धारा बाइजी ने कहे। अवसर था जगतजननी माता राजराजेश्वरी देवी जी के जन्मदिवस पर वृक्षा रोपण का कार्यक्रम साथ मे सत्संग और भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे 200 से भी अधिक भक्त समाज ने हिस्सा लिया।

## बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक कि मौत

**खरगोन से मुन्ना खान की रिपोर्ट**

**खरगोन।** शहर के करीब 5 किमी दूर चित्तौड़ग भुसावल स्टेट हाइवे स्थित भोगेनाले के समीप बीती रात दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत में एक कि मौत जबकि दो बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। मिली जानकारी अनुसार हादसे में संतोष पिता अंतर सिंह निवासी जामली उम्र 45 वर्ष व गोलू पिता पर्वत उम्र 25 वर्ष निवासी जामली दोनों खरगोन में काम करने के दौरान वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। दूसरी बाइक पर सवार बाइक चालक उस्मान खान निवासी संजय नगर की मौके पर मौत हो गई।बताया जा रहा कि उस्मान फुटबॉल खिलाड़ी था। इधर हादसे की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार जन वह घायल के परिवार जन भी जिला अस्पताल में पहुंचे।

## निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर लगेगी रोक

**पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर।निजी स्कूलों की पाठ्य सामग्री एवं ड्रेस को लेकर मनमानी एवं एकाधिकार के विरुद्ध ग्राहक पंचायत उनके ने ग्वालियर जिला कलेक्टर श्री अक्षय सिंह से भेंट की ग्वालियर जिलाधीश श्री अक्षय सिंह ग्राहक पंचायत की मांग मानते हुए स्कूलों की मनमानी रोकने हेतु धारा 144 लागू की कलेक्टर साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।

## पुलिस ने एक फरार स्थाई वारँन्टी को किया गिरफ्तार दो अवैध परिवहन कर रहे रेत के ट्रको को पकड़ा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मौ (भिण्ड)। पुलिस महानिरीक्षक सुधीर सक्सेना चम्बल जोन एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार एंव एसडीओपी सौरभ कुमार के निर्देशन में मौ थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव के नेतृत्व में फरार आरोपियो के धरपकड व अवैध परिवहन अभियान के तहत दिनांक 8 अप्रेल 2023को प्रभारी पुलिस चौकी झाँकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव व उनकी टीम व्दारा एक फरार स्थाई वारँन्टी प्रहलाद उर्फ बॅन्टी गुर्जर उम्र 35 साल निवासी ग्राम अतरसोहा थाना मौ के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा थाना मौ के स्टाफ के सहयोग से चैकिंग के दौरान दो ट्रक क्र आरजे 11 जी सी 2099 व आरजे 11जी सी 2098 को रेत का अवैध परिवहन (ओवरलोड) करते पाये जाने पर पकड़कर पुलिस व्दारा अपने कब्जे में लिया जाकर चौकी झाँकरी पर रखा गया तथा खनिज विभाग जिला भिण्ड को कार्यवाही हेतु सूचना दी गयी है । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक उदयभान सिह यादव, प्रभारी झाँकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव, उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, कार्यालय सहायक उपनिरीक्षक विनोद, कार्यालय प्रधान आरक्षक पानसिह, आरक्षक सुभाष, आरक्षक रंजीत की अहम भूमिका रही।

## चौकी झाँकरी थाना मौ पुलिस व्दारा एक फरार स्थाई वारँन्टी को किया गिरफ्तार व दो अवैध परिवहन कर रहे रेत के ट्रको को भी पकड़ा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस महानिरीक्षक सुधीर सक्सेना चम्बल रैज एंव पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार एंव एसडीओपी श्री सौरभ कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी मौ उदयभान सिंह यादव के नेतृत्व मे फरार आरोपियो के धरपकड व अवैध परिवहन अभियान के तहत दि. 08/04/23 को प्रभारी पुलिस चौकी झाँकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव व उनकी टीम व्दारा एक फरार स्थाई वारँन्टी प्रहलाद उर्फ बॅन्टी गुर्जर उम्र 35 साल नि. ग्राम अतरसोहा थाना मौ के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। तथा थाना मौ के स्टाफ के सहयोग से चैकिंग के दौरान दो ट्रक 11-2099 व 11-2098 को रेत का अवैध परिवहन (ओवरलोड) करते पाये जाने पर पकड़कर पुलिस व्दारा अपने कब्जे में लिया जाकर चौकी झाँकरी पर रखा गया तथा खनिज विभाग जिला भिण्ड को कार्यवाही हेतु सूचना दी गयी है । उक्त सराहनीय कार्यवाही मे निरी. उदयभान सिह यादव, प्रभारी झाँकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव, उनि अरविन्द यादव, कासउनि विनोद,का.प्रआर. पानसिह, आर. सुभाष, आर. रंजीत की अहम भूमिका रही ।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478